ISSN:0975-4431
RNI:MPHIN/2009/29572

नवीन सामाजिक शोध

नवीन सामाजिक शोध

अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका

NAVEEN SAMAJIK SHODH

International Monthly Research Journal

वर्ष-8 अंक-5 (कुल अंक-89) जुलाई 2016

मूल्य - 100 रुपये

International Research Journal
Research Journal Useful for
Social Development

नवीन सामाजिक शोध

मासिक शोध पत्रिका

अध्ययन एवं अनुसंधान पर
आधारित उच्च शिक्षा के क्षेत्र में
उत्कृष हार्य करने पर

ISSN:0975-4431 प्राप्त हुआ

हम सभी क्षेत्रों विषयों पर वैज्ञानिकों प्रोफेसरों और शोद्यार्थीयों द्वारा तैयार शोध पत्रों का प्रकाशन करते हैं

शोद्यार्थीयों द्वारा अपना रिसर्च वर्क प्रारम्भ करने से पूर्व पांच शोध पत्रों के प्रकाशन की अनिवार्यता को ध्यान में रखते हुए हिन्दी इंगलिश भाषाओं में शोध पत्रों का प्रकाशन करते हैं

सामान्यतः विज्ञान विषयों के शोध पत्र अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित होते हैं किन्तु हम विज्ञान विषय के शोध पत्र भी हिन्दी भाषा में प्रकाशित करते हैं। जिससे हमारे मध्यप्रदेश के बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर अपने ज्ञान का प्रदर्शन कर पाते हैं।

अतः हमारी पत्रिका में केवल उच्च गुणवत्ता प्राप्त अनुसंधानिक/शोध पत्र ही प्रकाशित किये जाते है।

प्रकाशक

अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका

नवीन सामाजिक शोध

वर्ष-8 अंक-7 (कुल अंक 91) सितम्बर 2016

R.N.I. M.P.HIN/2009/29572 ISSN-0975-4431

संपादकीय कार्यालय : 25, रूपनगर कालोनी, जे.के. रोड, भोपाल-462041.(म.प्र.) दूरभाष : 09300279796, 09425704990

Email : naveensamajikshodh@yahoo.com

Website : www.naveensamajikshodh.com

संस्थापक प्रधान सम्पादक
स्व.डॉ.जी.सी. सक्सेना

प्रधान सम्पादक
राजेन्द्र सक्सेना

प्रबंध संपादक
अभिजीत सक्सेना

संपादक
श्रीमती सविता सक्सेना

उपसंपादक
डॉ.संजय अग्रवाल (चिकित्सक)
डॉ. संतोष धुर्वे (समाजशास्त्री)
डॉ. विजय दुबे (वाणिज्य) ग्वा.

वरिष्ठ शोध अधिकारी
डॉ. कुसुमा भारद्वाज

शोध अधिकारी
डॉ. ममता दुबे ग्वालियर
श्रीमती रितु मेहरा

ग्राफिक्स
तनवीर कुरेशी

सलाहकार संपादक
राजेश सक्सेना

विदेशों में क्षेत्रीय कार्यालय : (विदेशी विषय विशेषज्ञ संपादक)

1. डॉ. राम भारद्वाज चिकित्सक
पो.बॉ. नं. 361, पोस्टल कोड नं. 319, सहम सुलतानेट ऑफ ओमान

2. प्रो. डॉ. सुधाकर कोटा (अर्थशास्त्री)
प्रोफेसर इकोनोमिक्स एण्ड मार्केटिंग, स्काईलाईन, युनिवर्सिटी शारजाह यूएई

3. कविता शुक्ला असिस्टेंट प्रोफेसर,
111, शेख रसीद बिल्डिंग, शेख जायद रोड, यू.ए.ई. दुबई

4. डॉ. नमिता चौहान समाजशास्त्री,
आस्ट्रेलिया

5. डॉ. प्रिन्स डेविड दंत चिकित्सक
11, अलब्रेस्ट एवेन्यू, माउंट रास्किल, ओकलैण्ड 1041, न्यूजीलैण्ड

6. श्री सजग चतुर्वेदी, स्टेनफोर्ड, यूनिवर्सिटी थाईलैण्ड

7. श्रीमती ऋति चतुर्वेदी, कनाडा

8. श्रीमती प्रतिभा, कनाडा

9. डॉ. उमेश रस्तोगी, लंदन

सहयोग राशि : देश में : साधारण अंक 100/–वार्षिक : 1000/–
आजीवन सदस्यताः 10000/
विदेशों में : साधारण अंक : 18 डॉलर, वार्षिक : 180 डॉलर
सारे भुगतान (मनीआर्डर/चैक/ड्रॉफ्ट) नवीन सामाजिक शोध के नाम से किए जावें। चैक से भुगतान करने पर रू.30–अतिरिक्त भेजें।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक–राजेन्द्र सक्सेना द्वारा एम.आई आफसेट वर्क्स, 91, रशीदिया स्कूल के पास, बरखेड़ी, भोपाल–8 द्वारा मुद्रित एवं 25, रूपनगर कालोनी, जे.के. रोड, भोपाल–462023 (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक–श्रीमती सविता सक्सेना

सभी लेखों में लेखकों के अपने मौलिक विचार है। संपादक अथवा संपादक मंडल का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। हमारा संपादक मंडल पूर्णत अवैतनिक एवं अव्यावसायिक है। विवाद की स्थिति में सभी विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।

International Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

नवीन सामाजिक शोध

इस अंक में

1. कौशल विकास योजना ..... नीलिमा चटर्जी - 6
2. पर्यावरण और प्रदूषण ..... नीलिमा चटर्जी - 11
3. बाल–श्रम एक अध्ययन..... कविता रायकवार - 23
4. मध्यप्रदेश में वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली की संभावनायें.....डॉ. संगीता मिश्रा - 32
5. मत्स्य पालन के क्षेत्र मे समस्याएँ, सुझाव एवं संभावनायें.....डॉ. केशव मिश्रा - 37
6. विभिन्न समाजिक आर्थिक स्तर एवं पारिवारिक ..... डॉ. अलका डेविड - 42
7. जल संसाधनों की भूमिका का विश्लेषणात्मक.....डॉ. भेरूलाल चौरडिया - 46
8. प्रेमचन्द के कथा–साहित्य में दलित चेतना ..... ललिता कु. मीणा - 51
9. Management of Innovation and Technology.....Ms. Tanveer Khan - 55
10. Ethical issues and financial services in modern..... Santosh Yadav - 64
11. Rural-Urban Linkages in India .....Dharampal Singh - 69
12. To study the Distribution of Adults According.....Dr. Renu Jain - 76

सलाहकार मंडल

- **प्रो. डॉ. आई.एस. चौहान,** पूर्व कुलपति, बरकतुल्लाह एवं भोज विश्वविद्यालय, भोपाल–म.प्र.। फोन : 0755–2424777
- **प्रो. डॉ. विनोद पी. सक्सेना,** पूर्व कुलपति, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर म.प्र.। फोन : 0755–2628055
- **प्रो. डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव,**
  पूर्व कुलपति, डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर–म.प्र.।
- **प्रो. डॉ. राजपाल सिंह,** सदस्य, सलाहकार यूजीसी (उच्च शिक्षा) भारत सरकार। मो. 9425028689
- **डॉ. के. के. तिवारी**
  शिक्षाविद्, राज्यपाल अधिकृत ई.सी.सदस्य डीएवीवी इंदौर मो. **9893014415**
- **वरिष्ठ वकील श्री खलीलउल्लाह खान,** पूर्व चेयरमेन, मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग भोपाल–म.प्र.। मो. 9826225266
- **श्री आई.बी. सिंह,** पूर्व निदेशक, ग्रामोद्योग विश्वविद्यालय, चित्रकूट–म.प्र.। मो. 9329138005
- **डॉ. ललित श्रीवास्तव, नेत्र विशेषज्ञ,** अध्यक्ष, मध्यप्रदेश डॉक्टर्स एसोसिएशन, भोपाल–म.प्र.। मो. 9827007500

संपादक मंडल

- प्रो. संजय एस. अग्रवाल, विभागाध्यक्ष, पीपुल्स मेडीकल कालेज
- प्रो. अलका डेविड, विभागाध्यक्ष,गृह विज्ञान, शा.सरोजनी नायडू कालेज,
- प्रो. अरविंद चौहान, बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल।
- प्रो.आर.शंकर, विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र, भारतीदर्शन विश्वविद्यालय, तिरूचरापल्ली–तमिलनाडु (620024)।
- प्रो.परवेज अहमद अब्बासी, विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग, वी.एन.एस.जी. विश्वविद्यालय सूरत गुजरात,।
- डॉ0 कुमारी चित्रा शर्मा संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय, भोपाल
- प्रो.डॉ. कामिनी जैन, प्राचार्य शास. स्नातकोत्तर, महाविद्यालय, पिपरिया
- प्रो. आभा चौहान, विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग, जे.एण्ड के.।
- डॉ. वंदना बक्शी, सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी विभाग एक्सीलेंस कालेज, कोलार रोड, भोपाल।
- डॉ. दिनेश परमार, अनुवांशिकी विभाग, ब.वि., भोपाल।
- डॉ. सुमंगला पटेरिया, सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी विभाग। एक्सीलेंस कालेज, कोलार रोड, भोपाल
- डॉ. आरती श्रीवास्वत, सहायक प्राध्यापक, समाजशास्त्र विभाग शासकीय कॉलेज नसरूल्लागंज।
- डॉ.जितेन्द्र कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, फैकल्टी आफ कामर्स एंड मैनेजमेंट, जी.जी.डी. एस.डी. (पीजी) कालेज, पलवल।
- डॉ. कुसुमा भारद्वाज, स.प्रा.,एक्सीलेंस कालेज, कोलार रोड, भोपाल।
- डॉ. विपिन व्यास, व्याख्याता, लिमनोलॉजी, ब.वि., भोपाल।
- श्री अजय बिसारिया,व्याख्याता, हिंदी विभाग, अ.मु.वि.,अलीगढ़–उ.प्र.।
- डॉ. संदीप कुमार मल्होत्रा, विभागाध्यक्ष गणित शा. संजय गांधी स्मृति स्नाकोत्तर, महाविद्यालय, गंजबासोदा म.प्र.
- डॉ. विश्वनाथ मिश्रा, पूर्व प्राचार्य (समाजशास्त्र) कालीचरन पी.जी. कालेज, लखनऊ
- इंजि. रोहन गुप्ता, एम–2/5, बी.डी.ए. कालोनी, लालघाटी, भोपाल
- डॉ. अमित कुल्हार, जिला पंचायत भोपाल

सम्पादकीय

प्रदेश में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों की सुविधा के लिए एडमिशन से लेकर अंक सूची लेने तक की प्रक्रिया ऑनलाइन की जा रही है। विद्यार्थी फीस भी ऑनलाइन भर सकते हैं। सभी महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में वाई-फाई सुविधा उपलब्ध करवाने का लक्ष्य है। अभी तक 264 महाविद्यालय एवं सभी विश्वविद्यालय में वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध करवा दी गयी है। इस वर्ष 100 महाविद्यालय में यह सुविधा दी जायेगी। इसके साथ ही 177 महाविद्यालय में डिजिटल नेटवर्क की सुविधा उपलब्ध करवायी गयी है। प्रदेश के 101 महाविद्यालय में वर्चुअल कक्षाओं का संचालन हो रहा है। स्नातक स्तर पर 400 और स्नातकोत्तर में 80 से अधिक ई-व्याख्यान हो चुके हैं। आगामी वर्ष में 25 अन्य महाविद्यालय को इससे जोड़ना है। आधुनिक तकनीक से शिक्षण व्यवस्था के लिए शासकीय महाविद्यालयों में स्मार्ट क्लास रूम बनाये जा रहे है। इस वर्ष एक करोड़ का प्रावधान है। विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री ऑनलाइन उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से ई-लायब्रेरी बनायी जा रही हैं। प्रदेश में 83 महाविद्यालय में ई-लायब्रेरी की स्थापना की गयी हैं। 20 महाविद्यालय में इसका कार्य प्रस्तावित है। वर्ष 2016-17 में इसके लिए 350 लाख का प्रावधान किया गया है। सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग विद्यार्थी बेहतर ढंग से कर सकें, इसके लिए प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन देने की योजना है। उच्च शिक्षा विभाग पेपरलेस आफिस के कांसेप्ट में कार्य कर रहा है। सभी पत्र एवं निर्देश महाविद्यालयों को आनलाइन भेजे एवं मंगवाये जाते हैं। सेक्योर ई-मेल सर्विस भी शुरू की गयी है। विभाग में कर्मचारी-अधिकारी की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी महाविद्यालय में बायोमीट्रिक मशीन लगायी जा रही हैं। योजनाओं की सतत मॉनीटरिंग के लिये स्काइप के माध्यम से अग्रणी महाविद्यालयों के प्राचार्य और क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालकों को उच्च शिक्षा आयुक्त कार्यालय से जोड़ा गया है। सत्र 2015-16 में पहली बार प्रायवेट महाविद्यालयों में विषय एवं पाठ्यक्रम की निरंतरता संबंधी आवेदन ऑनलाइन प्राप्त किये गये। एन.सी.टी.ई. से संबंधित पाठ्यक्रमों को शुरू करने के लिये भी ऑनलाइन आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया गया। बी.पी.एड., एम.पी.एड. और एम.एड. पाठ्यक्रम की प्रवेश प्रक्रिया भी ऑनलाइन की गई। विद्यार्थियों में पाठ्यक्रम के अध्ययन के साथ ही उन्हें भारतीय संस्कृति और परम्परा की जानकारी देने के उद्देश्य से व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ का गठन किया गया। इसके जरिये पहला व्याख्यान 'दृष्टि बदलेगी तो सृष्टि बदलेगी' पर हुआ। इसके बाद हर माह महाविद्यालयों में विभिन्न विषय पर व्याख्यान करवाये जा रहे हैं। इससे लगभग एक लाख 20 हजार विद्यार्थी लाभान्वित हुए। सभी शासकीय महाविद्यालय में व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ स्थापित हो चुके हैं। सभी जिलों में युवा केन्द्र की स्थापना की गयी है। महाविद्यालयों में विद्यार्थियों की उपलब्धता और माँग के अनुसार विषयों का युक्ति-युक्तकरण किया गया। भोपाल में ही लगभग 750 पद का युक्ति-युक्तकरण किया गया। यह प्रक्रिया सभी जिलों में की जायेगी। महाविद्यालयों में शैक्षणिक स्टॉफ की कमी को दूर करने के लिये 2163 रिक्त पद की भर्ती की प्रकिया मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा की जा रही है।

International Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

कौशल विकास योजना

नीलिमा चटर्जी
सहायक प्राध्यापक
समाजशास्त्र विभाग
शासकीय महाविद्यालय, बरेली (म.प्र.)

प्रधानमंत्री मोदी ने नीति आयोग से हुई मीटिंग के बाद स्किल डेवेलोपमेंट मिशन के तहत प्रधामंत्री कौशल विकास योजना की घोषणा की उन्होंने यह भी कहा कि हमारा देश दुनियाँ में सबसे अधिक युवा शक्ति वाला देश हैं 7 यह बात उन्होंने अपने अमेरिका दौरे में भी कही थी साथ ही उन्होंने कहा था कोई देश ऐसा नहीं जहाँ भारत का वासी ना हो हमारा देश पुरे विश्व में फैला हुआ हैं जनसँख्या की अधिकता को हमेशा ही देश गरीबी में उत्तरदायी माना गया हैं लेकिन आज अपने शब्दों में नयी जागरूकता लाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने इसे ही देश की सबसे प्रबल ताकत कहा हैं

देश की गरीबी को हटाने मे स्किल डेवेलोपमेंट मिशन बहुत सहायक होगा गरीबो की यह प्रचंड सेना ही इस मुसीबत से बाहर ला सकती हैं प्रधानमंत्री मोदी ने हमारे देश को कहा हैं जो कि अपने आप में इस समस्या के समाधान के लिए एक हल हैं जिस तरह से चीन एक ग्लोबल मेनीफेकचरिंग फेक्ट्री के रूप में उभर कर सामने आया

मोदी ने कहा सबसे पहले हमें दुनियाँ की सभी आवश्यक्ताओं को लेकर एक मानचित्र बनाना होगा उसके बाद हम उनके अनुसार मानव संसाधन तैयार करेंगे भारत के सभी संस्थाओं को संगठित कर उन्हें से जोड़ा जायेगा जिससे विश्व स्तर पर राष्ट्रीय कौशल विकास कार्य हो सके

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना का लक्ष्य

इस योजना के पहले वर्ष में 24 लाख वर्कर्स को शामिल किया जाएगा इसके बाद वर्ष 2022 तक यह संख्या 40.2 करोड़ ले जाने की योजना हैं

राष्ट्रीय कौशल विकास का मुख्य उद्देश्य देश में सभी युवा वर्ग को संगठित कर उनके कौशल को निखार कर उनकी योग्यतानुसार रोजगार प्रदान करना हैं

राष्ट्रीय कौशल विकास के लिए लोग अधिक से अधिक संख्या में जुड़ सके इसके लिए उन्हें लोन की सुविधा दी जाएगी जिससे वो इस दिशा में कार्य कर सके

नरेंद्र मोदी ने इस और ध्यान केन्द्रित करते हुए कहा कि देश की जनसंख्या में 65 ल युवा हैं जिनकी उम्र 35 से कम हैं यह एक देश की शक्ति हैं अगर इन्हें वक्त रहते निखारा जाए तो आसानी से रोजगार में लग सकते हैं जिसके लिए उन्हें बहुत अधिक मात्रा में व्यय ना करना पड़े इस लिए राष्ट्रिय कौशल विकास योजना लायी जा रही हैं मोदी ने यह स्पष्ट किया कि हायर एजुकेशन के बाद तो रोजगार मिलता हैं लेकिन इसके अलावा भी कुछ ऐसी ट्रेनिंग सुविधा होनी चाहिये जिससे किसी विशेष क्षेत्र में कौशल अर्जित कर रोजगार प्राप्त किया जा सके जिसमे व्यय कम हो साथ ही समय भी कम लगे

PM kaushal vikas yojana skill development scheme को सभी तक पहुँचाने के लिए सरकार ने कई टेलिकॉम कंपनियों का सहयोग लिया हैं जिसके जरिये स्स्स के द्वारा सभी को Pradhan Mantri kaushal vikas yojana skill development की जानकारी दी जाएगी

कैसे जुड़े प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से ?

सरकार ने कई टेलिकॉम कंपनी को इस दिशा में कार्य करने के लिए अपने साथ जोड़ा हैं

यह टेलिकॉम कंपनी स्स्स द्वारा इस योजना को सभी लोगो तक पहुँचाएगी

इसके साथ ही स्स्स में एक ट्रोल नंबर दिया जायेगा जिस पर कैंडिडेट को मिस कॉल देना होगा

मिस कॉल के तुरंत बाद आपको ऑटोमेटीकली एक नंबर से कॉल बेक आएगा जिसके जरिये आप ङ्कङ्क्र सुविधा से जुड़ जायेंगे

इसके बाद कैंडिडेट को अपनी जानकारी दिए गये निर्देशानुसार भेजनी होगी यह जानकारी सिस्टम में सेव कर ली जाएगी

इस जानकारी के मिलते ही कैंडिडेट को उसकी रेंज अर्थात उसके रहवास के सबसे निकट ट्रेनिंग सेंटर से जोड़ा जायेगा जहाँ से उन्हें पूरी जानकारी प्राप्त होगी 7

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की अगुवाई –

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से स्वयं प्रधानमंत्री के साथ अरुण जेटली, सुरेश प्रभु, स्मृति ईरानी, जे. पी. नन्दा, मनोहर परिकर आदि जुड़ेंगे मुख्य रूप से PM एवम वित्तमंत्री अरुण जेटली के साथ तीन मुख्य मंत्री इस योजना के सदस्य होंगे 7 इसके साथ रूलर डेवलपमेंट, लेबर डेवलपमेंट, ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट लेबर एंड एम्प्लोयीमेंट, ओवरसीज़ अफेयर्स, ङ्क्ष, एवम नीति आयोग के डिप्टी चेयरमेन आदि शामिल होंगे 7

अपने भाषण में मोदी ने यह भी कहा पहले देश के नाम से विश्व में माना जाता था लेकिन अब IIT (industrial training institutes) की सफलता के रूप में विख्यात होगा इस एक लाइन के पीछे इस

योजना में कितनी शक्ति हैं इसका पता चलता हैं

मोदी जी की लंबी यात्रा के बारे में लोग आये दिन बाते करते हैं लेकिन यह यात्रायें ही विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं हर देश की नीति को समझने के लिए उनकी धरती पर पैर रखना जरुरी हैं और इससे अच्छे बुरे की समझ विकसित होती हैं

मोदी जी के नेत्रत्व में युवाशक्ति को बल मिलता हैं इसलिए आज सबसे अधिक युवावर्ग ही मोदी जी के साथ हैं प्रधामंत्री कौशल विकास योजना जब अपने पैर पसारे की तो संभवत: विकास की और ही आगे बढ़ेगी बड़े-बड़े एवम महंगे डिग्री कोर्स कर पाना बहुत मुश्किल हैं लेकिन इस तरह की ट्रेनिंग के जरिये अपनी योग्यता को निखारा सभी के लिए संभव होगा और इसमें मिलने वाली लोन सुविधा प्रधामंत्री कौशल विकास योजना की तरफ और भी ध्यान केन्द्रित करेगी

पैसा कमाने के लिए योग्यता का होना जरुरी हैं उसे निखारने के लिए प्रधामंत्री कौशल विकास योजना अपना हाथ बढ़ा चुकी हैं अब तक कई लोग इससे जुड़ चुके हैं अब आप सभी की बारी हैं इस योजना से जुड़कर अपने ज्ञान को उभारें एवम गरीबी से लडे

गरीबी भी एक रोग की तरह हैं इससे लड़ने के लिए प्रधामंत्री कौशल विकास योजना बहुत अहम् फैसला हैं इस दिशा में जागरूक बने और जल्द से जल्द इससे जुड़े

यह योजना आपको कैसी लगी कमेंट जरुर करें साथ ही इससे जुड़े और इसकी जानकारी अपने आस पास के लोगो को भी दे हमारे देश की गरीबी को हटाने के लिए हम सभी को एक जुट होना चाहिये अगर आपको इस तरह की योजना की कोई जरुरत ना भी हो तो इसकी जानकारी जरूरतमंद को जरुर दे

प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना

राष्ट्रीय कौशल विकास निगम भारत की ऐसी पहली और एकमात्र संस्था है जिसका मूल उद्देश्य कौशल विकास है और जो निजी तथा सरकारी साझेदारी में काम करने वाली इकाई है। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा कौशल विकास के लिए किये जा रहे प्रयासों का एक बड़ा हिस्सा इस बात के लिए समर्पित है की असंगठित क्षेत्रों को इन प्रयत्नों का पूरा लाभ मिले। भारत के केंद्रीय वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण (2008-09) में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के गठन की घोषणा की थी।

कई बार ऐसा होता है की कुछ इकाइयां कौशल के विकास का प्रयास तो करती हैं परन्तु उनसे फायदा लेने हेतु जो वित्त चाहिए होता है उसकी उनके पास कमी होती है। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम यह वित्त प्रदान कर उनके लिए उत्प्रेरक का कार्य करती है। निजी तथा सरकारी साझेदारी का एक मॉडल भी तैयार करने में NSDC की बड़ी भूमिका है जिससे निजी इकाईयों को राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा समर्थन देने तथा उनके साथ समन्वय बिठाने में मदद मिलेगी।

राष्ट्रीय कौशल विकास निगम 21 भिन्न-भिन्न क्षेत्रों पर एकाकी रूप से ध्यान केन्द्रित करती है जिससे प्रत्येक सेक्टर की क्षमता को समझने तथा उसमे निजी निवेश को आकर्षित करने में मदद मिलेगी।

लक्ष्य

उद्योग जगत के साथ समन्वय करते हुए श्रमिकों के कौशल को अन्तराष्ट्रीय स्तर का बनाना तथा कौशल विकास के लिए विषय एवं उनकी गुणवत्ता स्तर को बनाने के लिए मूलभूत ढांचा तैयार करना

निजी क्षेत्र की जो इकाईयां कौशल विकास पर ध्यान दे रहीं हैं उनके साथ समन्वय करना तथा समर्थन देना और ऐसा करते हुए निजी और सरकारी क्षेत्र के समन्वय की एक मिसाल कायम करना। इस बात का भी ध्यान रखना की इस साझेदारी में निजी क्षेत्र का योगदान वित्त तथा क्रियान्यवन दोनों स्तरों पर हो

समाज के पिछड़े वर्गों तथा अविकसित क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए उन्हें गरीबी रेखा से ऊपर लाने का भरपूर प्रयास करना। उल्लिखित क्षेत्रों के साथ- साथ वैसे क्षेत्रों पर भी ध्यान देना जो असंगठित रूप से अपना कार्य कर रहे हैं

बाज़ार के नियंता की भूमिका अदा करना, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहाँ नियंत्रण बिल्कुल नहीं है और अगर है भी तो वो प्रभावकारी नहीं है

उन योजनाओं को प्राथमिकता देना जो उत्प्रेरक का कार्य कर सके ना की सिर्फ अपने आप तक सिमित रहें

ढांचागत व्यवस्था

कम्पनी अधिनियम के धारा 25 के तहत हस्ष्ट वित्त मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाली एक ऐसी कम्पनी है जो बगैर लाभ के काम करतीं है। इसकी मूल पूंजी 10 करोड़ रुपये है जिसमे से 49 प्रतिशत शेयर सरकार के पास है तथा 51 प्रतिशत निजी क्षेत्र के पास है।

संपूर्ण पारदर्शिता तथा निर्णय लेने की उच्च क्षमता जैसे मापदंडों पर NSDC खरा उतरे इसके लिए इसे एक स्वायत संस्था के रूप में गठित किया गया है। इसके निर्णय लेने की प्रक्रिया को कई स्तरों पर विभाजित किया गया है जिससे हर निर्णय पूरी तरह से जांचा परखा हो। ये स्तर हैं

राष्ट्रीय कौशल विकास निधि (NSDF)

उल्लिखित प्रत्येक स्तर की NSDC के क्रियान्यवन में अपनी भूमिका है। इन स्तरों के कार्यकर्ता इस तरह अपनी रणनीति बनाते हैं की हस्ष्ट की मूल निति पूरे प्रभावकारी ढंग से लागू हो। वो इस बात का भी ख्याल रखते हैं की संस्था की लोच बरकरार रहे ताकि निजी क्षेत्रों के कौशल विकास में सहभागिता करने में कोई रुकावट नहीं हो। निदेशल मंडल में 12 सदस्य शामिल होते हैं जिनमे से 4 सरकार द्वारा मनोनीत किये जाते हैं तथा बाकी 8 निजी क्षेत्र से आते हैं जिनमे चेयरमैन का पद भी शामिल है। NSDC के निर्णायक स्तरों में एक प्रमुख स्तर है NSDC जिसके 100 प्रतिशत स्वामित्व सरकार के पास हैं और यह पूर्णतया पेशेवर प्रबंधकों द्वारा संचालित

होती है। इस वजह से यह फायदा होता है की NSDC अपने मूल विचार से विचलित नहीं होती।

संदर्भ :-

राष्ट्रीय कौशल विकास निगम का जालघर

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना- युवा सशक्तिकरण की नई दिशा

सरकार ने कौशल विकास, उद्यमशीलता के लिये नीति को मंजूरी दी (प्रभासाक्षी; 2 जुलाई 2015)

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (समसामयिक घटनाक्रम)

प्रधानमन्त्री कौशल विकास योजना

नेशनल करियर सर्विस (राष्ट्रीय जीविका सेवा) का जालघर

International Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

पर्यावरण और प्रदूषण

नीलिमा चटर्जी
सहायक प्राध्यापक
समाजशास्त्र विभाग
शासकीय महाविद्यालय, बरेली (म.प्र.)

प्रदूषण, पर्यावरण में दूषक पदार्थों के प्रवेश के कारण प्राकृतिक संतुलन में पैदा होने वाले दोष को कहते हैं। प्रदूषक पर्यावरण को और जीव–जन्तुओं को नुकसान पहुंचाते हैं। प्रदूषण का अर्थ है – हवा, पानी, मिट्टी आदि का अवांछित द्रव्यों से दूषित होनाश, जिसका सजीवों पर प्रत्यक्ष रूप से विपरीत प्रभाव पड़ता है तथा पारिस्थितिक तंत्र को नुकसान द्वारा अन्य अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ते हैं। वर्तमान समय में पर्यावरणीय अवनयन का यह एक प्रमुख कारण है।

पृथ्वी का वातावरण स्तरीय है। पृथ्वी के नजदीक लगभग 50 कि.मी. ऊँचाई पर स्ट्रेटोस्फीयर है जिसमें ओजोन स्तर होता है। यह स्तर सूर्यप्रकाश की पारबैंगनी (UV) किरणों को शोषित कर उसे पृथ्वी तक पहुचने से रोकता है। आज ओजोन स्तर का तेजी से विघटन हो रहा है, वातावरण में स्थित क्लोरोफ्लोरो कार्बन (CFC) गैस के कारण ओजोन स्तर का विघटन हो रहा है।

यह सर्वप्रथम 1980 के वर्ष में नोट किया गया की ओजोन स्तर का विघटन संपूर्ण पृथ्वी के चारों ओर हो रहा है। दक्षिण ध्रुव विस्तारों में ओजोन स्तर का विघटन 40:–50: हुआ है। इस विशाल घटना को ओजोन छिद्र (ओजोन होल) कहतें है। मानव आवास वाले विस्तारों में भी ओजोन छिद्रों के फैलने की संभावना हो सकती है। परंतु यह इस बात पर आधार रखता है कि गैसों की जलवायुकीय परिस्थिति और वातावरण में तैरती अशुध्दियों के अस्तित्व पर है।

ओजोन स्तर के घटने के कारण ध्रुवीय प्रदेशों पर जमा बर्फ पिघलने लगी है तथा मानव को अनेक प्रकार के चर्म रोगों का सामना करना पड़ रहा है। ये रेफ्रिजरेटर और एयरकंडिशनर में से उपयोग में होने वाले फ्रियोन और क्लोरोफ्लोरो कार्बन (CFC) गैस के कारण उत्पन्न हो रही समस्या है। आज हमारा वातावरण दूषित हो गया है। वाहनों तथा फैक्ट्रीयों से निकलने वाले गैसों के कारण हवा (वायु) प्रदूषित होती है घ मीलों से निकलने वाले कचरे को नदियों में छोड़ा जाता है, जिससे जल प्रदूषण

होता है द्य लोगों द्वारा कचरा फेंके जाने से भूमि (जमीन) प्रदूषण होता है।

प्रदूषण के प्रकार

प्रदूषण के कुछ मुख्य प्रकार निम्नवत हैंरू

वायु प्रदूषणरू–वातावरण में रसायन तथा अन्य सुक्ष्म कणों के मिश्रण को वायु प्रदुषण कहते हैं। सामान्यतः वायु प्रदूषण कार्बन मोनोआक्साइड, सल्फर डाइआक्साइड, क्लोरोफ्लोरोकार्बन (सीएफसी) और उद्योग और मोटर वाहनों से निकलने वाले नाइट्रोजन आक्साइड जैसे प्रदूषको से होता है। धुआँसा वायु प्रदुषण का परिणाम है। धूल और मिट्टी के सूक्ष्म कण सांस के साथ फेफड़ों में पहुंचकर कई बीमारियाँ पैदा कर सकते हैं।

जल प्रदूषणरू– जल में अनुपचारित घरेलू सीवेज के निर्वहन और क्लोरीन जैसे रासायनिक प्रदूषकों के मिलने से जल प्रदूषण फैलता है। जल प्रदूषण पौधों और पानी में रहने वाले जीवों के लिए हानिकारक होता है।

भूमि प्रदूषण– ठोस कचरे के फैलने और रासायनिक पदार्थों के रिसाव के कारण भूमि में प्रदूषण फैलता है।

प्रकाश प्रदूषण– यह अत्यधिक कृत्रिम प्रकाश के कारण होता है।

ध्वनि प्रदूषण– अत्यधिक शोर जिससे हमारी दिनचर्या बाधित हो और सुनने में अप्रिय लगे, ध्वनि प्रदूषण कहलाता है।

रेडियोधर्मी प्रदूषण– परमाणु उर्जा उत्पादन और परमाणु हथियारों के अनुसंधान, निर्माण और तैनाती के दौरान उत्पन्न होता है।

वायु प्रदूषण

वायु प्रदूषण अर्थात हवा में ऐसे अवांछित गैसों, धूल के कणों आदि की उपस्थिति, जो लोगों तथा प्रकृति दोनों के लिए खतरे का कारण बन जाए। दूसरे शब्दों में कहें तो प्रदूषण अर्थात दूषित होना या गन्दा होना। वायु का अवांछित रूप से गन्दा होना अर्थात वायु प्रदूषण द्य

== वायु प्रदूषण के कारण

वायु प्रदूषण के कुछ सामान्य कारण हैंरू

वाहनों से निकलने वाला धुआँ।

औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाला धुँआ तथा रसायन।

आणविक संयत्रों से निकलने वाली गैसें तथा धूल–कण।

जंगलों में पेड़ पौधें के जलने से, कोयले के जलने से तथा तेल शोधन कारखानों आदि से निकलने

वाला धूआँ।

वायु प्रदूषण का प्रभाव

वायु प्रदूषण हमारे वातावरण तथा हमारे ऊपर अनेक प्रभाव डालता है। उनमें से कुछ निम्नलिखित है

हवा में अवांछित गैसों की उपस्थिति से मनुष्य, पशुओं तथा पंक्षियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इससे दमा, सर्दी–खाँसी, अँधापन, श्रवण शक्ति का कमजोर होना, त्वचा रोग जैसी बीमारियाँ पैदा होती हैं। लंबे समय के बाद इससे जननिक विकृतियाँ उत्पन्न हो जाती हैं और अपनी चरमसीमा पर यह घातक भी हो सकती है।

वायु प्रदूषण से सर्दियों में कोहरा छाया रहता है, जिसका कारण धूएँ तथा मिट्टी के कणों का कोहरे में मिला होना है। इससे प्राकृतिक दृश्यता में कमी आती है तथा आँखों में जलन होती है और साँस लेने में कठिनाई होती है।

ओजोन परत, हमारी पृथ्वी के चारों ओर एक सुरक्षात्मक गैस की परत है। जो हमें सूर्य से आनेवाली हानिकारक अल्ट्रावायलेट किरणों से बचाती है। वायु प्रदूषण के कारण जीन अपरिवर्तन, अनुवाशंकीय तथा त्वचा कैंसर के खतरे बढ़ जाते हैं।

वायु प्रदुषण के कारण पृथ्वी का तापमान बढ़ता है, क्योंकि सूर्य से आने वाली गर्मी के कारण पर्यावरण में कार्बन डाइ आक्साइड, मीथेन तथा नाइट्रस आक्साइड का प्रभाव कम नहीं होता है, जो कि हानिकारक हैं।

वायु प्रदूषण से अम्लीय वर्षा के खतरे बढ़े हैं, क्योंकि बारिश के पानी में सल्फर डाई आक्साइड, नाइट्रोजन आक्साइड आदि जैसी जहरीली गैसों के घुलने की संभावना बढ़ी है। इससे फसलों, पेड़ों, भवनों तथा ऐतिहासिक इमारतों को नुकसान पहुँच सकता है।

ध्वनि की अधिकता के कारण भी प्रदूषण होता है, जिसे हम ध्वनि प्रदूषण के रूप में जानते हैं। ध्वनि प्रदूषण का साधारण अर्थ है अवांछित ध्वनि जिससे हम चिड़चिड़ापन महसूस करते हैं। इसका कारण है– रेल इंजन, हवाई जहाज, जनरेटर, टेलीफोन, टेलीविजन, वाहन, लाउडस्पीकर आदि आधुनिक मशीनें। लंबे समय तक ध्वनि प्रदूषण के प्रभाव से श्रवण शक्ति का कमजोर होना, सिरदर्द, चिड़चिड़ापन, उच्चरक्तचाप अथवा स्नायविक, मनोवैज्ञानिक दोष उत्पन्न होने लगते हैं। लंबे समय तक ध्वनि प्रदूषण के प्रभाव से स्वाभाविक परेशानियाँ बढ़ जाती है।

जल प्रदूषण

जल प्रदूषण का अर्थ है पानी में अवांछित तथा घातक तत्वों की उपथिति से पानी का दूषित हो जाना, जिससे कि वह पीने योग्य नहीं रहता।

जल प्रदूषण के कारण

जल प्रदूषण के विभिन्न कारण निम्नलिखित है:

मानव मल का नदियों, नहरों आदि में विसर्जन।

सफाई तथा सीवर का उचित प्रबंध्न न होना।

विभिन्न औद्योगिक इकाइयों द्वारा अपने कचरे तथा गंदे पानी का नदियों, नहरों में विसर्जन।

कृषि कार्यों में उपयोग होने वाले जहरीले रसायनों तथा खादों का पानी में घुलना।

नदियों में कूड़े–कचरे, मानव–शवों और पारम्परिक प्रथाओं का पालन करते हुए उपयोग में आने वाले प्रत्येक घरेलू सामग्री का समीप के जल स्रोत में विसर्जन

जल प्रदूषण के प्रभाव

जल प्रदूषण के निम्नलिखित प्रभाव है:

इससे मनुष्य, पशु तथा पक्षियों के स्वास्थ्य को खतरा उत्पन्न होता है। इससे टाईफाइड, पीलिया, हैजा, गैस्ट्रिक आदि बीमारियां पैदा होती हैं।

इससे विभिन्न जीव तथा वानस्पतिक प्रजातियों को नुकसान पहुँचता है।

इससे पीने के पानी की कमी बढ़ती है, क्योंकि नदियों, नहरों यहाँ तक कि जमीन के भीतर का पानी भी प्रदूषित हो जाता है।

भूमि प्रदूषण

भूमि प्रदूषण से अभिप्राय जमीन पर जहरीले, अवांछित और अनुपयोगी पदार्थों के भूमि में विसर्जित करने से है, क्योंकि इससे भूमि का निम्नीकरण होता है तथा मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित होती है। लोगों की भूमि के प्रति बढ़ती लापरवाही के कारण भूमि प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है।

भूमि प्रदूषण के कारण

भूमि प्रदूषण के मुख्य कारण हैं

कृषि में उर्वरकों, रसायनों तथा कीटनाशकों का अधिक प्रयोग।

औद्योगिक इकाईयों, खानों तथा खादानों द्वारा निकले ठोस कचरे का विसर्जन।

भवनों, सड़कों आदि के निर्माण में ठोस कचरे का विसर्जन।

कागज तथा चीनी मिलों से निकलने वाले पदार्थों का निपटान, जो मिट्टी द्वारा अवशोषित नहीं हो पाते।

प्लास्टिक की थैलियों का अधिक उपयोग, जो जमीन में दबकर नहीं गलती।

घरों, होटलों और औद्योगिक इकाईयों द्वारा निकलने वाले अवशिष्ट पदार्थों का निपटान, जिसमें

प्लास्टिक, कपड़े, लकड़ी, धातु, काँच, सेरामिक, सीमेंट आदि सम्मिलित हैं।

भूमि प्रदूषण का प्रभाव

भूमि प्रदूषण के निम्नलिखित हानिकारक प्रभाव है:

कृषि योग्य भूमि की कमी

भोज्य पदार्थों के स्रोतों को दूषित करने के कारण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक

भूस्खलन से होने वाली हानियाँ

जल तथा वायु प्रदूषण में वृद्धि

पर्यावरण प्रदूषण में व्यवसाय की भूमिका

चाहे वायु प्रदूषण हो, ध्वनि प्रदूषण हो, जल प्रदूषण हो या भूमि प्रदूषण, सबमें व्यवसाय की भागीदारी होती है। व्यवसाय निम्नलिखित तरीकों से पर्यावरण प्रदूषण बढ़ाता है

उत्पादन इकाईयों से निकलने वाली गैसों और धुएं से,

मशीनों, वाहनों आदि के उपयोग से ध्वनि प्रदूषण के रूप में,

औद्योगिक इकाईयों को स्थापित करने के लिए वनों की कटाई से,

औद्योगिकीकरण तथा शहरीकरण के विकास से,

नदियों तथा नहरों में कचरे तथा हानिकारक पदार्थों के विसर्जन से,

ठोस कचरे को खुली हवा में फेंकने से,

खनन तथा खदान संबंधी गतिविधियों से,

परिवहन के बढ़ते हुए उपयोग से।

पर्यावरण को नियंत्रित करने में व्यवसाय की तीन प्रकार की भूमिका हो सकती है: निवारणात्मक, उपचारात्मक तथा जागरूकता।

निवारणात्मक भूमिका

इसका अर्थ है कि व्यावसायिक इकाईयाँ ऐसा कोई भी कदम न उठाए, जिससे पर्यावरण को और अधिक हानि हो। इसके लिए आवश्यक है कि व्यवसाय सरकार द्वारा लागू किए गए प्रदूषण नियंत्रण संबंधी सभी नियमों का पालन करे। मनुष्यों द्वारा किए जा रहे पर्यावरण प्रदूषण के नियंत्रण के लिए व्यावसायिक इकाईयों को आगे आना चाहिए।

उपचारात्मक भूमिका

इसका अर्थ है कि व्यावसायिक इकाइयाँ पर्यावरण को पहुँची हानि को संशोधित करने या सुधरने में सहायता करें। साथ ही यदि प्रदूषण को नियंत्रित करना संभव न हो तो उसके निवारण के लिए

उपचारात्मक कदम उठा लेने चाहिए। उदाहरण के लिए वृक्षारोपण य वनरोपण कार्यक्रमद्ध से औद्योगिक इकाईयों के आसपास के वातावरण में वायु प्रदूषण को कम किया जा सकता है। व्यवसाय की प्रकृति तथा क्षेत्र

जागरूकता संबंधी भूमिका

इसका अर्थ है लोगों को (कर्मचारियों तथा जनता दोनों को) पर्यावरण प्रदूषण के कारण तथा परिणामों के संबंध में जागरूक बनाएँ, ताकि वे पर्यावरण को नुकसान पहुँचाने की बजाय ऐच्छिक रूप से पर्यावरण की रक्षा कर सकें। उदाहरण के लिए व्यवसाय जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करे। आजकल कुछ व्यावसायिक इकाईयां शहरों में पार्कों के विकास तथा रखरखाव की जिम्मेदारियाँ उठा रही हैं, जिससे पता चलता है कि वे पर्यावरण के प्रति जागरूक हैं।

अपने चारों ओर के परिवेश को हमने इस कदर छेड़ा है कि बात अगर पर्यावरण की उठती है तो प्रदूषण का सवाल अपने आप ही आगे आ जाता है। हर ओर सुनी जाने वाली यह ऐसी श्बेतालदृपचीशीश है जिसमें लाशों को ढोनेवाला कोई एक विक्रम नहीं बल्कि हम सभी हैं और सही उत्तर की प्रतीक्षा में बेताल साथदृसाथ चल रहा है। बात प्रदूषण की उठे, तो लोग सांस्कृतिक या भाषायी प्रदूषण की बात भी करते हैं। सामाजिक मान्यताओं को झकझोड़ने वाली व्यवहारिक प्रदूषण के दायरों का तो कोई आकलन नहीं किंतु पर्यावरण प्रदूषण का क्षेत्र आज बढता ही जा रहा है। मानव एवं सभी प्रकार के जीवन को ढ़ोने वाली पारिस्थितिकीदृतंत्र में हलचल मचानेवाली समस्या और प्रदूषण के व्यापक प्रभाव वाले क्षेत्र निम्नलिखित हैं–

जलीय, स्थलीय एवं आकाशीय क्षेत्र में निवास करनेवाले जैव तथा पादप समुदाय और निर्जीव वातावरण के बीच स्थापित परस्पर संबंध को पारिस्थितिकी तंत्र कहा जाता है। समूचे पारिस्थितिकी तंत्र में विभिन्न तत्वों के बीच अनादि काल से एक प्रकार का संतुलन स्थापित है और जब भी यह संतुलन बिगड़ा है तो विनाश की स्थिति सामने आयी है। ष्अस्तित्व के लिए संघर्षकृसर्वोत्तम का चुनावष् के सिद्धांत पर ही प्रकृति का सारा खेल टिका है। जैविक संसार में होनेवाली स्वभाविक सत्ता संघर्ष के अतिरिक्त मानव जाति ने आज अपनी आवश्यकताओं, वैज्ञानिक खोजों या मनोरंजन के लिए पारिस्थतिकी तंत्र में गहरी छेड़छाड़ की है। जीवदृजंतुओं की कई प्रजातियां आज या तो लुप्त हो गई है या लुप्तप्राय है। ष्रेड बुक ऑफ वाइल्डष् के अनुसार 1600 ई0 से 1990 ई0 के बीच 36 स्तनधारियों और 94 पक्षियों की प्रजातियां लुप्त हो गई है जबकि स्तनधारियों की 236 प्रजातियां तथा पक्षियों की 287 प्रजातियां आज लुप्त होने के कगार पर है। पारिस्थितिकी का आधारभूत सिद्धांत यह है कि यदि प्राणियों के 90ः आवास नष्ट हो जाए तो उनमें बसनेवाली 50ः जैव प्रजातियां स्वतः विलुप्त हो जाएंगी। इस सिद्धांत

और उष्ण कटिबंधीय वनों के विनाश की दर के आधार पर यह अनुमान लगाया गया है कि उष्ण कटिबंधीय वनों में निवास करनेवाली 5दृ15७ जीवों की प्रजातियां आनेवाले वर्षों में हमेशा के लिए गायब हो जाएंगी। स्थलीय विविधता, सक्रिय जलवायु, लंबे सागर तट तथा अनेक समुद्री द्वीपों के चलते प्रकृति ने जैव और पादप विविधता के मामले में भारतीय उपमहाद्वीप को विशेष रूप से संवारा है। धरती के चार जैव भौगोलिक परिमंडलों में से तीन पराध्रुवतटीय, अफ्रीकी और इन्डोदृहिमालयन क्षेत्र भारत में पड़ते हैं। विश्व के किसी भी राष्ट्र में दो से अधिक परिमंडलों के क्षेत्र नहीं मिलते। भारतीय भूमि क्षेत्र में निवास करनेवाली जीवदृजंतुओं की कुछ शानदार प्रजातियां जैसे बाघ, तेंदुआ, एशियाई सिंह, हाथी, हिम तेंदुआ, सुनहरा लंगूर, सिंह पुच्छी बंदर, गंगेय डॉलफिन, हंगुल, दलदली हिरण, जंगली गदहा, घड़ियाल, सोन चिड़िया, सफेद पंखों वाली जंगली बतख आदि आज संकटग्रस्त जीव जंतुओं की श्रेणी में हैं। शेर, बाघ, हाथी, मृग या कछुए जैसे वन्य जीवों के विभिन्न अंगों का अंतराष्ट्रीय बाजारों में ऊंची कीमत गरीब देशों में अवैध कारोबार को बढ़ावा देती है। सख्त सरकारी कानूनों के अतिरिक्त वन संपदा के प्रति हमारी मानवीय चेतना की जागरूकता इस दिशा में कारगर सिद्ध हो सकती है। वनस्पति जगत के बिना प्राणी जीवन की कल्पना ही संभव नहीं। जंगली पशुदृपक्षियों की तो छोड़िए, आदिमानव युग से लेकर आज तक भी आदिवासी जीवन का तानाबाना वनस्पतियों के साथ जुड़ा है। ये तो बाजारू संस्कृति में जीनेवाले तथाकथित सभ्य समाज में रहनेवाले लोग हैं, जो दिनभर की अपनी दिनचर्या में पर्यावरण के लिए जहर छोड़ने के बाद शाम को किसी रेस्तरां में रखे बोंसाई के बगल में बैठकर कारखानों में हो रहे उत्पादन पर चर्चा करते हैं।

जल प्रदूषण:

ष्जल ही जीवन है॰ वाली कहावत और इसकी सच्चाई में अगर हम विश्वास करते हों तो जलीय पर्यावरण की पवित्रता का दायित्व भी हमारा ही है। पिछले दशकों में विश्व की जनसंख्या में हुई भारी वृद्धि, शहरी जीवन जीने के प्रति ललक तथा विकास के नाम पर जल में बहाई जानेवाली गंदगी की नालियों को साफ करने की जिम्मेदारी सरकार पर छोड़कर निश्चिंत हो लेते हैं। नतीजतन, समुद्री जल का बहुत बड़ा भाग और विश्व की लगभग सभी नदियां आज जीव संसार के लिए जीवन की तरलता नहीं बल्कि मौत की कठोरता लेकर बह रही है। भारत में अगर आप कानपुर, इलाहाबाद, वाराणसी या पटना जैसी लाखों की आबादी वाले शहर के निवासी हैं तो अब भी क्या आपका मन गंगा स्नान के लिए तरसता है? दिल्ली, आगरा या मथुरा जैसी जगहों पर अगर यमुना नदी को देख लें तो आप क्या विश्वास कर पाएंगे कि पुरानदृकाल से ही नदियों की प्रशंसा में श्लोकों की रचना करनेवाले भरतदृवंशियों ने ही पावन यमुना की ऐसी दुर्दशा की है? किसी भी जल में जीवन की संभावना होने के लिए

उसमें घुले आक्सीजन की कम से कम मात्रा 5 मिलीग्राम्र लीटर होने चाहिए, जबकि दिल्ली में किए गए एक नमूना परीक्षण के दौरान कई जगहों पर यमुना के जल में आक्सीजन पाया ही नहीं गया। वायुमंडलीय प्रदूषण या पर्ववतीय पर्यटकों द्वारा फैलाई जाने वाली गंदगी का असर यह है कि पतित पावनी गंगा या यमुना नदी का उद्गम स्थल ही अत्यधिक प्रदूषित हो चुका है।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के पर्यावरण वैज्ञानिक प्रोफेसर सैय्यद इकबाल हसन के बात पर विश्वास करें तो गंगोत्री ग्लेशियर के लगातार पीछे हटने से अगले 125 वर्षों में गंगा सूख सकती है। नदियों के सीमित जल को छोड़िए, यह आम मान्यता है कि अथाह जल राशि के चलते समुद्री जल को प्रदूषित करना संभव नहीं है। जबकि हालत यह है कि तैलीय रिसाव, विषैले रसायनों तथा रासायनिक एवं परमाणु कचड़ों के छोड़े जाने से समुद्र भी अब प्रदूषित हो चला है। सागर में रहने वाली मछलियां तथा अन्य कई दुर्लभ जीवों का जीवन आज संकट की ओर है। समुद्री प्रदूषण फैलाने में विकसित राष्ट्र सबसे अग्रणी हैं। भूगर्भीय जल का अत्यधिक दोहन तथा प्रदूषण भी विश्व के अधिकांश देशों के लिए एक भयंकर समस्या है। पेय जल या सिंचाई के लिए निकाले गए भूमिगत जल की उच्च दर ने भूगर्भीय जल स्तर को काफी नीचे लाकर मरूस्थलीकरण की संभावना को बढावा दिया है।

रासायनिक उर्वरकों तथा कीटनाशकों का कृषि में अत्यधिक प्रयोग ने स्थलीय एवं भूगर्भीय जल को सीधे तौर पर प्रदूषित करते हैं। कई स्थानों पर प्रदूषित भूमिगत जल में पाई जाने वाली लोहे, आर्सेनिक या सेलेनियम की अधिक मात्रा विभिन्न प्रकार के बिमारियों का कारण है। मौनसूनी वर्षा से जल पानेवाले भारत जैसे देशों में वर्षा जल का उपयोग एवं संग्रहन के बजाए बहुमूल्य भूगर्भीय जल स्त्रोत का खतरनाक तरीके से दोहन होने से उस क्षेत्र के कुएं, तालाब, जलाशय और अन्य जलीय स्त्रोत सूख रहे हैं। जलीय भाग से जुड़ी एक अन्य समस्या, जिसे प्रदूषण तो नहीं कह सकते लेकिन जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर मानवीय आवश्यकताओं के लिए किए जाने वाले प्रयासों के फलस्वरूप उत्पन्न होती है वह हैदृ झीलों एवं जलाशयों में गाद भरने तथा अतिक्रमण के चलते जलग्रहण क्षमता का नुकसान। दुनिया के अधिकांश देशों ने शहरी जरूरतों या जल विद्युत उत्पादन के लिए प्राकृतिक झीलों का दोहन अथवा कृत्रिम जलाशयों का निर्माण किया है। तलछट के लगातार भरने से ये जलीय भाग न सिर्फ अपने उद्देश्यों को पुरा करने में विफल हैं बल्कि नदी या झील पर आधारित समूची स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र इससे प्रभावित हैं।

हानिकारक गैसों, अतिसूक्ष्म धूलकण या सूक्ष्मरूप से विसरित तरल पदार्थों ह्यऐरोसोलद्ध का वायुमंडल में उसके अपसरन की दर से ज्यादा मात्रा में छोड़ा जाना वायु प्रदूषण कहलाता है। विश्व स्वास्थ्य

संगठन के अनुसार वायु प्रदूषण एक ऐसी स्थिति है जिसके बाह्य वातावरण में मनुष्य और उसके पर्यावरण को हानि पहुंचानेवाले तत्व सघन रूप में एकत्रित हो जाते हैं। मानवीय छेड़छाड़ या प्राकृतिक घटनाओं के आधार पर इसका विस्तार स्थानीय, क्षेत्रीय, महादेशीय अथवा ग्लोबल रूप में हो सकता है। जैविक या अजैविक पारिस्थिकी पर विषाक्त प्रभाव छोड़ने में वायु प्रदूषण का स्थान संभवतः सबसे महत्वपूर्ण है। कैंसर, अस्थमा और सांस की अन्य बिमारियों से लेकर अम्लीय वर्षा के चलते ऐतिहासिक इमारतों और मूर्तियों का क्षय, फसल एवं जंगलों की बर्बादी या जलीय प्रदूषण तक में वायु प्रदूषण जिम्मेदार है। अम्लीय वर्षा के लिए तो श्करे कोई और भुगते कोईश वाली कहावत चरितार्थ है। किसी एक जगह पर कारखानों या मोटरगाड़ियों से निकला धुंआ, दूसरे जगह गंधकाम्ल या नाईट्रिक अम्ल की वर्षा के रूप में पेड़दृपौधों या ताजमहल जैसी धरोहर पर बरस कर अपना कहर बरपा जाता है। महानगरों में बीत रही आपकी जिंदगी की हर सांस मौत का सुर सुनाती है।

हालात यही रहे तो वह दिन दूर नहीं जब बाजार से शुद्ध ऑक्सीजन का पैकेट लेकर हम सांस लेते फिरेंगे। कुछ वर्ष पूर्व क्या हम यह सोचते थे कि पानी खरीद कर पीना पडेगा? प्रदूषण के एक महत्वपूर्ण कारक तत्व क्लोरोफ्लोरो कार्बन ह्यसीएफसीह्न की वायुमंडल में मौजूदगी का एक खतरनाक नतीजा ओजोन परत में कमी और फलस्वरूप पराबैंगनी विकिरणों से धरती की सुरक्षा कवच का टूटना है। ऐसा अनुमान है कि प्रकृति ने वायुमंडल की दूसरी परत में ओजोन गैसों के रूप में जीवधारियों के लिए जो रक्षात्मक आवरण दिया है उसका दस प्रतिशत इस सदी के अंत तक नष्ट हो जाएगा। पिछले 40 वर्षों में पृथ्वी के वायुमंडलीय तापमान में 2 से 3 डिग्री की वृद्धि दर्ज की जा चुकी है और ऐसा अनुमान है कि अगले कुछ वर्षों में यह तापवृद्धि 4 से 5 डिग्री तक हो सकती है। ग्लोबल वार्मिंगश का यह पहलू इसलिए अतिमहत्वपूर्ण है कि इतनी तापवृद्धि से पृथ्वी का सूक्ष्म तापीय समीकरण बिगड़ेगा और यह जैविक संतुलन की स्थायी रचना को छिन्न भिन्न कर देगी। उदाहरणस्वरूप, ध्रुवों पर स्थायी रूप से जमी बर्फ पिघलेगी, समुद्रतल ऊंचा उठेगा और समुद्रतटीय शहर या महानगर जलमग्न हो जाएंगे। न्यूयार्क, ओस्लो या मुंबई जैसे शहर में बैठकर आप यह लेख पढ रहे हों तो भी भयभीत न होंघ वर्तमान स्थिति की गंभीरता के प्रति समझ और पर्यावरण के प्रति चेतना निरंतर नए शोध और निषेधक उपायों को अंजाम दे सकेगी। आइए, मिलकर प्रार्थना करें। हे मारूत नंदन, हमारे पापों से तू हम सबकी रक्षा कर।

स्थल एवं मृदा प्रदूषणः

समाज के विकास की घड़ी की सूईयों को थोड़ा पीछे की ओर घुमा कर देखें तो कुछ दशक पूर्व श्स्थल प्रदूषणश का कहीं कोई नामोदृनिशान नहीं था। औद्योगिक कचड़ों तथा प्लास्टिक कहे जाने चमत्कारिक

वैज्ञानिक खोज ने अपना यह जलवा दिखलाया है कि शहर की कौन पूछे आज गांव में भी आप चले जाएं तो स्थल प्रदूषण की बानगी दिखाई दे जाएगी। टीन के डब्बे, प्लास्टिक, कागज, सीसे की बनी छोटी वस्तुओं से लेकर लोहे की बनी कार या ट्रक तक के कचड़ों का एक स्थान पर जमाव या बिखराव ने भूमि प्रदूषण कर जो दृश्य उत्पन्न किया है उसे देखकर निश्चय ही आप सहज नहीं महसूस कर सकते। वैसी सभी वस्तुएं जिनका कार्बनिक या अकार्बनिक तरीके से सरल तत्वों में शीघ्र अपक्षय नहीं हो सकता, भूमि प्रदूषण के लिए जिम्मेदार है। भूमि प्रदूषण के लिए जिम्मेदार तत्वों का पुर्ननवीकरण के बजाए कोई भी तरीका पर्यावरण संरक्षण के लिए उपयुक्त नहीं। समुद्र में इन कचड़ों को डालने पर जलीय प्रदूषण के साथदृसाथ समुद्री जीवों का आवास नष्ट होता है जबकि स्थल पर किसी निम्न भूमि प्रदेश, जो ज्यादातर दलदली भाग होते हैं, छोड़ने से उनमें रहनेवाले विशिष्ट किस्म के जीवों का पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित होते हैं।

प्लास्टिक, कागज या अन्य संम्मिश्र प्रकार के कूड़े को जलाने पर वायु प्रदूषण होता है। स्थलीय प्रदूषण से मिलता जुलता एक अन्य विकार जो शायद उससे कहीं घातक है, वह हैदृ मृदा प्रदूषण। हरित क्रांति या उन्नत पैदावार के लिए अपनाई गई श्रासायनिक कृषिश मिट्टी की उर्वरता को बढाने के बजाए उसे स्थाई तौर पर बर्बाद कर रही है। हमारे पारिस्थितिकी तंत्र में मिट्टी एक महत्वपूर्ण और जीवंत इकाई है। एक ग्राम उपजाऊ मिट्टी में लगभग 10 करोड़ जीवाणु और 500 मीटर के बराबर कवक के धागे होते हैं। इसके अतिरिक्त मृदा तंत्र हजारों प्रकार की शैवाल कोशिकाएं, विषाणु, आर्थोपोड एवं केंचुआ जैसे अन्य जीवों की शरण स्थली भी है। मिट्टी के पोषण शक्ति को बढाने के लिए रासायनों, कीटनाशकों एवं जहरीले तत्वों का होनेवाला प्रयोग आहार चक्र के माध्यम से जानवरों एवं मनुष्य के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। उपजाऊ भूमि पर हो रहे नित्य नये निर्माण तथा वनों की कटाई से बाढ तथा मृदाक्षरण की प्रक्रिया में तेजी आई है। जनसंख्या वृद्धि के साथ बढी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए 1960 के दशक में कृषि भूमि पर जापान में 7 3७ से लेकर नार्वे में 1 5७ की दर से नई आधारभूत संरचनाओं का निर्माण किया गया। भारत में, जहां एशिया की कुल आबादी का लगभग 27७ लोग निवास करते हैं, कृषि योग्य भूमि का स्थाई संरचनाओं से ढंका जाना तथा मृदा क्षरण दोनों की तेज दर है। भूक्षरण स्वयं ही भूमि प्रदूषण के लिए जिम्मेदार है। 10 सेंटीमीटर ऊपरी मृदा के बनने में 100 से 400 वर्ष का समय लगता है इसलिए मिट्टी का नष्ट होना एक प्रकार से सीमित और अनवीनीकरण संपदा का नुकसान है।

ओह, मैं तो सिर्फ धरती मां की दुर्दशा पर ही चर्चा किए जा रहा हूं। क्या आप चिड़चिड़ापन, सिरदृ दर्द, बहरापन, उच्च रक्तचाप, मानसिक तनाव, नींद न आने की शिकायतों से परेशान हैं? अगर हां, तो

नीचे का हिस्सा पढिए इलाज ढूंढने में शायद कोई मदद मिले।

ध्वनि प्रदूषणः

शहरी या औद्योगिक संस्कृति की एक अनचाही देन ध्वनि प्रदूषण है। मनुष्य या जानवरों को मानसिक या शारीरिक रूप से आघात पहुंचानेवाली किसी भी प्रकार के अनचाही और हानिकारक आवाज से संपर्क ध्वनि प्रदूषण कहलाता है। ध्वनि प्रदूषण वास्तव में एक गुणात्मक तथा मात्रात्मक पद है। मात्रात्मक रूप में ध्वनि प्रदूषण को उसके दबाव, उच्चता अथवा तारत्व के आधार पर श्डेसिबेलश इकाई में मापा जाता है और इसकी गणना लघुगणक आधार पर की जाती है। ध्वनि का 10 डेसिबेल से 20 डेसिबेल तक के स्तर की वृद्धि वास्तव में 100 गुना वृद्धि है। ध्वनि प्रदूषण का गुणात्मक स्वरूप का संबंध स्त्रोता की भाषाई समझ अथवा ध्वनि की कर्णप्रियता से है। आप अगर हिंदीभाषी हैं और मैं चीनी या जापानी में बात करने लगूं तो आप अपना सिर पीट लेंगे। हिंदुस्तानी अथवा कर्नाटकी शास्त्रीय संगीत के लिए आप अगर स्नेहभाव नहीं रखते तो पंडित भीमसेन जोशी से लेकर उस्ताद फहीमुद्दीन दागर तक का नाद स्वर आपको कर्णकटु लगेंगे। शादी के कुछ वर्ष आप अगर गुजार चुके हों, तो कभी संगीत की मधुर तान सुनाई देने वाली पत्नी की बोली में आपको उच्च डेसीबेल स्तर के ध्वनि प्रदूषण का गुणात्मक स्वरूप की झलक मिल जाएगी। खैर, विज्ञान में ध्वनि प्रदूषण के साहित्यिक पहलू का कोई खास महत्व नहीं लेकिन किसी भी प्रकार के ध्वनि का मान अगर 50 डेसीबेल से ऊपर हो जाए तो मानवीय स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उसे ध्वनि प्रदूषण की स्थिति समझी जाती है। व्यस्त यातायात या कारखानों से निकली आवाज 90 डेसीबेल स्तर की होती है। इस स्तर की ध्वनि का लगातार सुना जाना कान के श्रवण तंत्र को असंवेदनशील बना देता है और व्यक्ति बहरा भी हो सकता है। उच्च ध्वनि स्तर वाले स्थानों पर काम करने वाले लोगों में अनिद्रा, क्षीण श्रवण शक्ति, उच्च रक्तचाप या तंत्रिका तंत्र संबंधी बिमारियां पाई जाती है। औद्योगिकीकरण से ऊपजी इस बला को कम शोर करनेवाली मशीनों का प्रयोग, कार्यस्थल पर श्इयरप्लगश जैसी ध्वनिरोधक यंत्रों का इस्तेमाल तथा दिवाल में ध्वनि शोषक पदार्थों का उपयोग कर काफी हद तक टाला जा सकता है।

अपने जलवायु एवं परिवेश को दूषित कर हम शांत जीवन की तलाश में पहाड़ों की ओर भागते हैं लेकिन अब तो वहां भी स्वच्छ वायु, निर्मल जल और खामोशी की अनुगूंज वाली बात बेमानी लगती है। विश्वग्राम और विकास के नाम पर फैलाई गई गंदगी का प्रभाव अब स्थानीय नहीं बल्कि ग्लोबल हो गया है। अविकसित या अर्धविकसित राष्ट्र ज्यादा औद्योगीकरण किए बिना भी प्रदूषण के शिकार हैं। पिछले दशकों में अपनी विकास प्रक्रिया को तेज गति देकर विकसित देशों ने वायुमंडल में विषैली गैसों का गुबार छोड़ा और जब परिणाम सामने आने लगा तो हाय तौबा मचाना शुरू किया। जवाब

में विकासशील देशों का तर्क यह ठहरा कि मुझे भी उतना ही आगे आने दो फिर पर्यावरण संरक्षण की बात सोचेंगे। विकसित देश अब उपदेशक हो गए हैं लेकिन पर्यावरण को किए गए नुकसान की भरपाई के लिए किए जानेवाले प्रयासों के प्रति अपनी महती जिम्मेदारी मानने से भी पीछे भागते हैं। पर्यावरण के लिए आई अंतर्राष्ट्रीय चेतना के बावजूद आज भी अविकसित या अल्पदृविकसित देशों की बड़ी जनसंख्या कम आबादी वाले औद्योगिकृत राष्ट्रों द्वारा फैलाए जा रहे परमाण्विक, वायुमंडलीय या स्थलीय प्रदूषण की सजा भोगने को अभिशप्त है। जो भी हो, विकसित देशों पर दोषारोपण कर अविकसित राष्ट्र अपनी जिम्मेदारियों से बच नहीं सकते। प्रदूषण की समस्या न ही एक दिन में पैदा हुई है और न एक दिन में खत्म होनेवाली। पारिस्थितिकी के प्रश्न की डिबिया खुलने पर कोई जिन्न नहीं आनेवाला जो ष्क्या हुक्म है आका?ष कहकर पलक झपकते ही समस्याओं को सुलझा दे और हम चौन की नींद सो जाएं। पर्यावरण सुधार के लिए अगर समुचित प्रयास में हम विफल रहते हैं तो इससे अच्छा है कि ष्आ अब लौट चलेंष वाले नारे को बुलंद करें।

संदर्भ :–

"Pollution - Definition from the Merriam-Webster Online Dictionary". Merriam-webster.com. 2010-08-13. Retrieved 2010-08-26.

Spengler, John D.; Sexton, K. A. (1983). "Indoor Air Pollution: A Public Health Perspective". Science. 221 (4605): 9–17 [p. 9]. doi:10.1126/science.6857273.

Hong, Sungmin; et al. (1996). "History of Ancient Copper Smelting Pollution During Roman and Medieval Times Recorded in Greenland Ice". Science. 272 (5259): 246–249 [p. 248]. doi:10.1126/science.272.5259.246.

David Urbinato (Summer 1994). "London's Historic "Pea-Soupers"". United States Environmental Protection Agency. Retrieved 2006-08-02.

"Deadly Smog". PBS. 2003-01-17. Retrieved 2006-08-02.

Lee Jackson, Dirty Old London: The Victorian Fight Against Filth (2014)

Cited in David Clay Large, Berlin (2000) pp 17-18

Hugh Chisholm (1910). The Encyclopaedia Britannica: A Dictionary of Arts, Sciences, Literature and General Information. Encyclopaedia Britannica, 11th edition. p. 786.

International Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

बाल-श्रम एक अध्ययन

कविता रायकवार
प्राचार्य,
भोपाल डिग्री कालेज, भोपाल

बच्चों को हमेशा भगवान (सर्वशक्तिमान) के बाद सबसे पवित्र रुप माना जाता है जो हमेशा खुशी, मस्ती, मासूमियत और आशा जगाने का प्रयास करने वाले समझे जाते हैं। एक देश के भविष्य का निर्धारण इस आधार पर होता है कि किस तरह से उस देश में बच्चों और महिलाओं के साथ व्यवहार होता है, आखिरकार, बच्चें आशा की किरण होते हैं, एक मजबूती की आशा, न केवल देश की अर्थव्यवस्था के लिए, बल्कि देश के कुशल मानव संसाधनों के साथ जिनकी पहुंच भारत में शिक्षा के सिद्धांतों के साथ युग्मित अस्तित्व के लिए आवश्यक आधारभूत सुख–सुविधाओं पर हो, के लिये भी बहुत जरुरी है। ये प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है कि वो देश के लिये सुनिश्चित करे कि हमारे बच्चों का बचपन सुरक्षित है और दूषित नहीं हो रहा है, उदाहरण के लिये जैसे बाल श्रम जो गरीबी और लाचारी के कारण पैदा होता है।

बाल श्रम या बाल मजदूरी क्या है

बाल श्रम आमतौर पर मजदूरी के भुगतान के बिना या भुगतान के साथ बच्चों से शारीरिक कार्य कराना है। बाल श्रम केवल भारत तक ही सीमित नहीं है, ये एक वैश्विक घटना है।

जहां तक भारत का संबंध है, ये मुद्दा बहुत ही पेचीदा है क्योंकि भारत में बच्चे पुराने समय से ही अपना माता–पिता के साथ खेतों में और अन्य प्रारम्भिक कार्यों में मदद कराते हैं। एक इससे ही संबंधित अन्य अवधारणा जिसकी इस समय व्याख्या करने की जरुरत है, वो है बंधुआ मजदूरी, जो शोषण का सबसे सामान्य रुप है। बंधुआ मजदूरी का अर्थ, माता–पिता द्वारा अत्यधिक ब्याज की दरों की अदायेगी के कारण, कर्ज के भुगतान के लिये बच्चों को मजदूरों के रुप में कार्य करने के लिये मजबूर करना है। बंधुआ मजदूर की अवधारणा से जुड़ी अवधारणा शहरी बाल मजदूर अवधारणा है जहां मजदूर गली के बच्चे होते हैं जो अपना लगभग पूरा बचपन गलियों में मजदूरी करते हुये व्यतीत कर देते हैं।

यूनीसेफ ने बाल मजदूरी को 3 श्रेणी में विभाजित किया है

परिवार के साथ – बच्चे घर के कार्यों में बिना किसी वेतन के लगे होते हैं।

परिवार के साथ पर घर के बाहर–उदाहरण के लिए, कृषि मजदूर,घरेलू मजदूर, सीमान्त मजदूर आदि।

परिवार से बाहर – उदाहरण के रुप में, व्यवसायिक दुकानों जैसेरू होटलों में बच्चों से कार्य कराना, चाय बेचने का कार्य कराना, वैश्यावृति आदि।

बाल मजदूरी के बढ़ने के कारण

अत्यधिक जनसंख्या, अशिंक्षा, गरीबी, ऋण जाल आदि सामान्य कारण हैं जो इस मुद्दे के प्रमुख यंत्र है।

अत्यधिक ऋण जाल से ग्रस्त माता–पिता, सामान्य बचपन के महत्व को अपनी परेशानियों के दबावं के कारण समझने में असफल होते हैं और इस प्रकार ये बच्चों के मस्तिष्क का घटिया भावनात्मक और मानसिक संतुलन को नेतृत्व करता है जो कठिन क्षेत्रों या घरेलू कार्यों को करने के लिये तैयार नहीं होते।

राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ भी कपड़ों के उद्योग में अधिक काम और कम वेतन के भुगतान के लिये बच्चों को भर्ती करती है जो बिल्कुल अनैतिक है।

भारत में बाल श्रम कानून

भारत में बाल मजदूरी की समस्या सभी के लिये स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही एक चिन्ता का विषय बन गयी है। भारत के संविधान की प्रारुप समिति इस संबंध में बिना किसी अन्य देश की सिफारिशों के आधार पर, अपने दम पर कानून तैयार करना चाहती थी। जिस समय भारत ब्रिटिश साम्राज्य के शोषण के अधीन था, उसने केवल यही बोध कराया कि प्रावधान शोषणकारी मजदूरी के रुप को ध्यान में रखकर बनाये गये है और भारत शोषणकारी नृशंस शासन व्यवस्था के बीच है।

भारत में बाल मजदूरी को रोकने के लिये बनायें गये प्रारम्भिक कानून जब बना तब बाल रोजगार अधिनियम 1938 पारित हुआ। ये अधिनियम बड़े दुखान्त अंत के साथ असफल हुआ। इसके असफल होने का सबसे बड़ा कारण गरीबी का होना था क्योंकि निर्धनता बच्चों को मजदूरी करने के लिये मजबूर करती है।

भारतीय संसद ने बाल श्रम या मजदूरी से बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये समय–समय पर कानून और अधिनियम पारित किये हैं। 14 साल की आयु से कम के बच्चों को किसी फैक्ट्री या खदानों में या खतरनाक रोजगारों (जहाँ जान जाने का ज्यादा जोखिम हो) में बाल मजदूरी को निषेध करने के लिये हमारे संविधान में अनुच्छेद 24 के अन्तर्गत मौलिक अधिकारों को स्थापित किया गया है।

इसके अलावा, अनुच्छेद 21 को अन्तर्गत, ये भी प्रावधान किया गया है कि, एक राज्य 6 से 14 साल तक के बच्चे के लिए मुफ्त शिक्षा के लिये सभी आधारिक संरचना और संसाधन उपलब्ध करायेगा। संविधान के तहत बच्चों की बाल श्रम से सुरक्षा का नियमन करने के वाले कानूनों का एक समूह मौजूद है। कारखाना अधिनियम 1948, 14 साल तक की आयु वाले बच्चों को कारखाने में काम करने से रोकता है। खदान अधिनियम 1986, 18 साल से कम आयु वाले बच्चों का खदानों में काम करना निषेध करता है। बाल श्रम अधिनियम (निषेध एवं नियमन) 1986, 14 साल से कम आयु वाले बच्चों को जीवन को जोखिम में डालने वाले व्यवसायों में, जिन्हें कानून द्वारा निर्धारित की गयी सूची में शामिल किया गया है, में काम करना निषेध करता है। इसके अलावा, बच्चों का किशोर न्याय (देखभाल और संरक्षण) अधिनियम 2000 ने बच्चों के रोजगार को एक दंडनीय अपराध बना दिया है।

आलोचनात्मक दृष्टि से, कानूनों की विशाल सारणी के बावजूद, बाल मजदूरों और नियोक्ताओं की कार्यकारी स्थितियों में कोई सुधार नहीं दिखायी देता है साथ ही बाल श्रम को निषेध करने वाले अधिनियम के प्रावधानों का स्वतंत्र रुप से उल्लंघन किया जा रहा है।

इस पर प्रकाश डालने की आवश्यकता है कि, इन प्रवाधनों का अतिक्रमण का अर्थ बुनियादी मानव अधिकारों का अभाव और बच्चों के बचपन को अर्थरहित करना है। बच्चे कहाँ और किस प्रकार के रोजगार के अन्तर्गत कार्य कर सकते हैं, के रुप में ये कानून अधिक स्पष्ट नहीं है। ये अधिनियम केवल 10: कार्यशील बच्चों को सुरक्षित करता है और इस प्रकार गैर–संगठित क्षेत्रों में लागू नहीं होता।

ये अधिनियम बाल मजदूर के परिवार को इस आधार पर भी छूट देता है यदि वो सभी बच्चों के रूप में एक ही कर्मचारी के साथ काम कर रहे हैं। यद्यपि, ये अधिनियम कुछ निश्चित जोखिम वाले उद्योगो और कारखानों में बच्चों के काम करने को निषेध करता है, लेकिन साथ ही ये खतरनाक कार्यों की व्याख्या नहीं करता। ये केवल खतरनाक रोजगारों की एक सूची प्रदान करता है।

बाल मजदूरी से लड़ने में अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों की भूमिका

बाल मजदूरा के उन्मूलन पर अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम (आई.पी.ई.सी.एल.), अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर संगठन के अन्तर्गत 1991 में, बाल मजदूरी के बारे में जागरुकता का निर्माण एक वैश्विक मुद्दे के रुप में राष्ट्रीय स्तर पर प्रयोग करके, बाल मजदूरी के उन्मूलन के लिये शुरु किया गया था। भारत बाल श्रम का मुकाबला करने में मदद करने के लिए आई.पी.ई.सी.एल. के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वाला पहला राष्ट्र था।

राष्ट्रीय स्तर कार्यक्रम (एन.सी.एल.पी.), उन मुख्य कार्यक्रमों में से एक है जो पूरे देश में शुरु किया गया था जिसमें वर्ष 1988 में, साँत बाल श्रम कार्यक्रम शुरु किये गये थे। पुर्नवास, भारत सरकार द्वारा, भारत

में बाल श्रम की घटनाओं को कम करने के लिये अपनायी गयी प्रमुख नीतियों में से एक है। दुर्भाग्य से, संबंधित प्राधिकरण बाल श्रम के बढते हुये मामलों को नियंत्रित करने में बहुत से कारणों से असक्षम है। वो बच्चों के जन्म प्रमाण पत्रों के अभाव और जाली प्रमाण पत्रों के कारण बच्चों की सही आयु का अनुमान लगाने में असफल होते हैं। लोगों के बीच में जागरुकता लाने के लिये अधिक प्रयास नहीं किये गये हैं। यहाँ तक कि, यदि प्रयास बनाये भी गये हैं तो, वो सीमित जनसंख्या की जरुरत को पूरा करते हैं और अधिकारियों के बीच सहनशीलता दिखायी नहीं देती। जागरुकता कार्यक्रमों के संचालन के दौरान बहुत अधिक शिथिलता को देखा जा सकता है। इस मुद्दे पर वैश्विक स्तर पर संबोधित करने के लिये समय समय पर कड़े नीतिगत ढाँचे की आवश्यकता अभी भी है।

बाल मजदूरी का कैसे उन्मूलन करें

बच्चों के अवैध व्यापार का अंत, गरीबी का उन्मूलन, मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा, और जीने का सामान्य स्तर, बड़े स्तर पर समस्या को कम कर सकता है। विश्व बैंक और अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, गरीबी के उन्मूलन के लिये विकासशील देशों को ऋण प्रदान करके मदद करते हैं।

दलों या बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा शोषण को रोकने के लिये श्रम कानूनों का कड़ाई से पालन करना बहुत आवश्यक है। वर्तमान बाल श्रम निषेध कानूनों को कड़ाई से लागू करके स्थिति को नियंत्रित करने के लिये बहुत से संशोधनों की आवश्यकता है। निम्नतन सीमा 14 साल को कम से कम 18 साल तक बढ़ाने की आवश्यकता है। जोखिम वाले कार्यों की सूची जो वर्तमान में कानून के अन्तर्गत है, उसमें और अधिक व्यवसायों को शामिल करने की आवश्यकता है जिन्हे खतरनाक गतिविधियों के दायरे से बाहर रखा गया है।

बाल–श्रम का मतलब ऐसे कार्य से है जिसमे की कार्य करने वाला व्यक्ति कानून द्वारा निर्धारित आयु सीमा से छोटा होता है। इस प्रथा को कई देशों और अंतर्राष्ट्रीय संघटनों ने शोषित करने वाली माना है। अतीत में बाल श्रम का कई प्रकार से उपयोग किया जाता था, लेकिन सार्वभौमिक स्कूली शिक्षा के साथ औद्योगीकरण, काम करने की स्थिति में परिवर्तन तथा कामगारों श्रम अधिकार और बच्चों अधिकार की अवधारणाओं के चलते इसमे जनविवाद प्रवेश कर गया। बाल श्रम अभी भी कुछ देशों में आम है।

समीक्षा

वेश्यावृत्ति या उत्खनन, कृषि, माता पिता के व्यापार में मदद, अपना स्वयं का लघु व्यवसाय (जैसे खाने पीने की चीजें बेचना), या अन्य छोटे मोटे काम हो सकते हैं कुछ बच्चे पर्यटकों के गाइड के रूप में काम करते हैं, कभी–कभी उन्हें दुकान और रेस्तरां (जहाँ वे वेटर के रूप में भी काम करते हैं) के काम में लगा दिया जाता है। अन्य बच्चों से बलपूर्वक परिश्रम–साध्य और दोहराव वाले काम लेते हैं जैसे

रूबक्से को बनाना, जूते पॉलिश, स्टोर के उत्पादों को भंडारण करना और साफ–सफाई करना. हालांकि, कारखानों और मिठाई की दूकान, के अलावा अधिकांश बच्चे अनौपचारिक क्षेत्र में काम करते हैं, जैसे ष्सड़कों पर कई चीजें बेचना, पटाकों के कारखानों में, कृषि में काम करना या ख्बच्चों का घरेलू कार्यद्यघरों में छिप कर काम करना, – ये कार्य सरकारी श्रम निरीक्षकों और मीडिया की जांच की पहुँच से दूर रहते है। ष्और ये सभी काम सभी प्रकार के मौसम में तथा न्यूनतम वेतन के लिए किया गया था यूनिसेफ के अनुसार, दुनिया में लगभग २.५ करोड बच्चे, जिनकी आयु २–१७ साल के बीच है वे बाल–श्रम में लिप्त हैं, जबकि इसमें घरेलू श्रम शामिल नही है। सबसे व्यापक अस्वीकार कर देने वाले बाल–श्रम के रूप हैं जिनमें ख्बच्चों का सैन्य उपयोगद्यबच्चों के सैन्य उपयोग, साथ ही बाल वेश्यावृत्ति शामिल है। कम विवादास्पद और कुछ प्रतिबंधों के साथ कानूनी रूप से मान्य कुछ काम है जैसे बाल अभिनेता और बाल गायक, साथ ही साथ स्कूलवर्ष (सीजनल कार्य) के बाद का कार्य और अपन कोई व्यापार जो स्कूल के घंटों के बाद होने काम आदि शामिल है।

बच्चों के अधिकार

यह अनुचित या शोषित माना जाता है यदि निश्चित उम्र से कम में कोई बच्चा घर के काम या स्कूल के काम को छोड़कर कोई अन्य काम करता है। किसी भी नियोक्ता को एक निश्चित आयु से कम के बच्चे को किराए पर रखने की अनुमति नहीं है। न्यूनतम आयु देश पर निर्भर करता हैय जैसे संयुक्त राज्य अमेरिका में बाल श्रम कानून ने किसी प्रतिष्ठान में बिना माता पिता की सहमति के न्यूनतम उम्र १६ वर्ष निर्धारित किया है।

औद्योगिक क्रांति में चार साल के कम उम्र के बच्चों को कई बार घातक और खतरनाक काम की स्थितियों के साथ उत्पादन वाले कारखाने में कार्यरत थे। अंग्रेजी श्रमिक वर्ग का बनना , (पेंगुइन, १६८), पीपी. अब अमीर देशों ने मजदूरों के रूप में बच्चों के इस्तेमाल को समझा है और इस आधार पर इसे मानव अधिकार का उल्लंघन माना हैं और इसे गैरकानूनी घोषित किया है जबकि कुछ गरीब देशों ने इसे बर्दाश्त या अनुमति दिया है।

१६६० के दशक में दुनिया के प्रत्येक देश ने सोमालिया और संयुक्त राज्य अमेरिका को छोड़कर बाल अधिकार के सम्मेलन, . के दौरान हस्ताक्षर किए, सबसे ताकतवर अंतरराष्ट्रीय कानूनी भाषा है जो अवैध बाल श्रम पर रोक लगाता है, हालाँकि यह बाल श्रम कों अवैध नहीं मानता है।

बहुत से गरीब परिवार अपने बच्चों के मजदूरी के सहारे हैं। कभी कभी ये ही उनके आय के स्रोत है। इस प्रकार का कार्य अक्सर दूर छिप कर होता है क्योंकि अक्सर ये कार्य औद्योगिक क्षेत्र में नहीं होतें है। बाल श्रम कृषि निर्वाह और शहरो के अनौपचारिक क्षेत्र में कार्यरत है, बच्चों के घरेलू काम में

योगदान भी महत्वपूर्ण है। बच्चो को लाभ मुहैया कराने के लिए, बाल श्रम निषेध को दोनों अल्पावधि आय और दीर्घावधि संभावनाओं के साथ दोहरी चुनौती से निपटने के लिए काम करना है। कुछ युवाओं के अधिकार के समूहों यद्यपि, एक निश्चित आयु से नीचे के बच्चे को काम करने से रोक कर, बच्चों के विकल्प कम करने को मानव अधिकारों का उल्लंघन मानते है। और ये महसूस करते है कि ऐसे बच्चे पैसे वालों के इच्छा के अधीन रहते है। बच्चे की सहमति या काम करने के कारण बहुत भिन्न हो सकते हैं .एक बच्चा कार्य के लिए सहमत हो सकता है यदि इसका आय आकर्षक हैं या अगर बच्चा स्कूल से नफरत करता है, लेकिन इस तरह की सहमति को सहमति सूचित नहीं किया जा सकता . कार्यस्थल बच्चे के लिए लंबे समय में अवांछनीय स्थिति पैदा कर सकता है। एक प्रभावशाली समाचार पत्र में ष्बाल श्रम के अर्थशास्त्र ष पर अमेरिकी आर्थिक समीक्षा (१९९८), में कौशिक बसु और हुआंग वान का तर्क है कि बाल श्रम का मूल कारण माता पिता की गरीबी है। यदि ऐसा है तो, उन्होंने बाल श्रम के वैधानिक प्रतिबंध पर आगाह किया और तर्क दिया कि इसका उपयोग वयस्क मजदूरी प्रभावित हीन पर ही करना चाहिए और प्रभावित गरीब बच्चे के परिवार को पर्याप्त रूप से मुआवजा देना चाहिए. भारत और बंगलादेश सहित कई देशों में अभी भी बाल श्रम व्यापक रूप से विद्यमान है। यद्यपि इस देश के कानून के अनुसार १४ वर्ष से कम आयु के बच्चे काम नही कर सकते, फिर भी कानून को नजरअंदाज कर दिया है। ११ साल जैसे छोटी उम्र के बच्चे २० घंटे तक एक दिन में काम करते हैं, ये काम करने के लिए स्वीट शॉप में जाकर अमेरिकी कंपनियों जैसे वाल मार्ट, हेंस और टारगेट में काम करते है। वे मात्र साड़े ६ सेंत प्रति मद के रूप में छोटा सा भुगतान पाते हैं। बांग्लादेश की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक हार्वेस्ट रिच है, जो बाल श्रम ने प्रयोग नही करने का दावा किया है, हालांकि बच्चों को केवल १ डॉलर प्रति सप्ताह मिलता है।

बाल श्रम के खिलाफ अभियान

बाल श्रम औद्योगिक क्रांति.के आरम्भ के साथ ही प्रारम्भ हो गया उंदाहरण के लिए, कार्ल मार्क्स ने अपने कम्युनिस्ट घोषणा पत्र . में कहा ष कारखानों में मौजूदा स्वरूप में बाल श्रम का त्याग ष्यह बात भी गौर करने योग्य है कि सार्वजनिक नैतिक सहापराध के जरिये ऐसे उत्पाद जो विकासशील देशों में एकत्रित या बाल श्रम से बने हैं उनके खरीद को हतोत्साहित किया जाय. दूसरों की चिंता है कि बाल श्रम से बने वस्तुओं का बहिष्कार करने पर यह बच्चे वेश्यावृत्ति या कृषि जैसे काम से अधिक खतरनाक या अति उत्साही व्यवसायों में जा सकते हैं उदाहरण के लिए, एक यूनिसेफ के एक अध्ययन में पाया गया कि ५००० से ७००० नेपाली बच्चे वेश्यावृत्ति के तरफ मूड गए इसके अलावा अमेरिका में बाल श्रम निवारण अधिनियम के लागू होने के बाद, एक अनुमान के अनुसार ५०००० बच्चों को

बंगलादेश में उनके परिधान उद्योग में नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था और बहुत से लोग ष्पत्थर तोड़ने, गलिओं में धक्के खाना और वेश्यावृत्तिष् से जुड़ गए —— –यह सब के सब तथ्य यूनिसेफ एक अध्ययन के आधार पर आधारित है। ये सारे कार्य वस्त्र उत्पादन की तुलना में अधिक खतरनाक और विस्फोटक है इस अध्ययन से यह निष्कर्ष निकलता है कि सुधरे उपकरणों के दीर्घकालिक प्रयोग की भांति ऐसे परिणाम से बच्चो को फायदा की जगह हानि ज्यादा हो सकता है

आज कई उद्योग और निगम हैं जिनको कार्यकर्ताओं द्वारा बाल श्रम के कारण लक्षित किया जा रहा है।

मानव जगत में उत्साह, उमंगों एवं सपनों का सर्वोकृष्ट जीवित पुंज श्बालकश् को माना गया है द्य बच्चे किसी भी राष्ट्र के भविष्य का प्रतिनिधित्व करते हैं द्य वे देश के भावी कर्णधार एवं प्रगति का आइना हैं द्य उनका चमकता या मुरझाया हुआ चेहरा इस बात का प्रतीक है की वह देश कितना खुशहाल , संपन्न या विपन्न है द्य ये राष्ट्र की धरोहर होते हैं जिनकी समुचित देखभाल एवं विकास पर ही किसी भी राष्ट्र की प्रगति निर्भर करती है द्य वे सभ्यता एवं भविष्य के आधार हैं और निरंतर पुनजीर्वन का स्त्रोत भी, इन्ही के कन्धों पर मानवता के उज्जवल भविष्य की आधार–शिला रखी जा सकती है,किन्तु विडम्बना इस बात की हे कि इन बच्चों कि एक बड़ी संख्या ऐसे बच्चों कि है, जिनका जीवन संघर्षों एवं असामान्य परिस्थिति में बीतता है

प्रश्न ये है कि जिन बच्चों का बचपन ही समस्याओं से घिरा हुआ है, उन बच्चों का भविष्य क्या होगा? क्या ये बच्चे बड़े होकर पढ़ेंगे या बाल श्रमिक बनेंगे और वे समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान किस प्रकार से दे सकेंगे? आज भी परिवार की आर्थिक विवशताओं के कारण हजारों बच्चे स्कूल की चौखट भी पार नहीं कर पाते और अनेकानेक बालकों को इन्हीं बाध्यताओं के कारण पढाई बीच में ही छोड़ देनी पड़ती है और बाल श्रमिक आजीविका, शिक्षा, प्रशिक्षण और कार्यरत कौशल से वंचित रह जाते हैं परिणामतः न उनका मानसिक विकास हो पता है और न ही बौद्धिक विकास संभव है

किसी भी देश के बालकों की अच्छी अथवा बुरी दशा ही वहाँ के सांस्कृतिक स्तर का सबसे विश्वसनीय मापदंड होता है आदि काल से बच्चों का पालन पोषण विशेष और महत्त्वपूर्ण समाजिक उत्तरदायित्व रहा है द्य इस सन्दर्भ में उसकी आवश्यकताओं की संतुष्टि में परिवार की एक महत्वपूर्ण भूमिका रही है मनुष्य के जीवन में बाल्यावस्था एक ऐसी स्थिति है जिसमें उसको सबसे अधिक सहायता, देखभाल, प्रेम, सहानुभूति और सुरक्षा की आवश्यकता होती है जिन व्यक्तिओं का बाल जीवन सुखी, संतुष्ट और सुरक्षित गुजरता है उनका व्यक्तित्व और भविष्य भी सामान्यतः संतुलित होता है और वे एक

विकासशील, सशक्त और उन्नत समाज की संरचना में रचनात्मक सहयोग देते हैं

प्राचीनकाल से ही बाल श्रमिक कृषि, उद्योग, व्यापार तथा घरेलु धंधों में कार्यरत रहे हैं परन्तु उस समय जनसंख्या के कम दबाव, गरीबी, अज्ञानता, रूढ़िवादिता तथा भाग्यवादिता के कारण उनकी शिक्षा अवं उनके सर्वांगीण विकास की ओर अधिक ध्यान नहीं दिया गया, बचपन ही मजदूरी की बेदी पर होम कर दिया जाता है ओर फिर उनके हाथों में कलम ओर किताब के स्थान पर हंसिया, फावड़ा, ओर श्रम के निशान ही सदैव दिखाई पड़ते हैं बल श्रम को बढ़ावा देने में सबसे महत्त्वपूर्ण भूमिका उन उद्योगपतिओं, कारखानेदारों ओर संपन्न किसानों की है जो बच्चों को कम धंधों पर लगाना चाहते हैं, क्योंकि एक तो ये छोटे बच्चे आधी या और कम मजदूरी में ही काम कर लेते हैं, दूसरे गंदे और असुविधाजनक वातावरण में चुपचाप घंटों काम करते हैं

बाल श्रम के पक्ष और विपक्ष दोनों में विचार व्यक्त किये गए हैं, पक्ष के विचारकों के अनुसार बाल श्रम आर्थिक प्रगति में योगदान देता है विपक्षियों के अनुसार यह एक सामाजिक बुराई है क्योंकि इसमें बच्चों के विकास में बाधा पड़ती है और वे वयस्क होने पर एक नागरिक के रूप में सामाजिक विकास में अपना समुचित योगदान नहीं दे पाते हैं विपक्षीय मत को इतनी व्यापक सामाजिक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है की बाल श्रम शब्द अब एक सामाजिक बुराई का ही बोध करता है

बाल श्रम की समस्या हर युग में किसी न किसी रूप में विद्यमान रही है भारत के कृषि समाज में बच्चे कृषि व पारंपरिक व्यवसाय करते हैं व मदद करते हुए काम सीखते थे औद्योगीकरण के बढ़ने के साथ ही बाल श्रम का स्वरूप भी बदला पारिवारिक व्यवसाय के बंधन टूटते गए और बच्चों को भी एक स्वतन्त्र व्यक्ति के रूप में अपने नियोक्ता के पास मजदूरी ले लिए जाना पड़ा उसे अपनी समस्याओं से खुद ही जूझना पड़ा तथा काम के स्थान पर अभिभावकों के संरक्षण से वंचित भी रहना पड़ा

यूनिसेफ ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा है की बच्चों की खरीद, शोषण तथा दुकानों, खदानों, फैक्ट्रियों, उद्योगों, ईंट भट्टों और घरेलु कामों में जबरिया मजदूरी तथा शारीरिक दुर्व्यवहार की असंख्य डरावनी कहानियाँ हैं ध लेकिन सभी बाल श्रमिकों का शोषण नहीं होता है और उनके द्वारा किया जाने वाला हर काम उनके विकास के लिए घातक नहीं होता है रिपोर्ट में बांग्लादेश का उदहारण दिया गया है जहाँ वस्त्र उद्योग में ५५००० से अधिक बाल श्रमिक हैं और उनके योगदान से यह देश अमेरिका को करीब ७५ करोड़ डॉलर मूल्य के वस्त्रों का निर्यात करता है बाल श्रमिकों द्वारा बनाये गए माल पर प्रतिबन्ध के कारण बांग्लादेश के नियोक्ताओं ने करीब ७५ प्रतिशत बालकों को नौकरी से हटा दिया इससे ऐसे बाल श्रमिकों और उनके परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट और गहरा हो गया

कामगार परिवारों की जितने हाथ उतने काम वाली मानसिकता ने भी बाल श्रम को बढ़ावा दिया है यह

मानसिकता बेहद घातक है और विकास की गति को पीछे ले जाती है श्रमिक परिवार की इस मानसिकता ने भी बाल श्रम को बढ़ावा दिया है बाल श्रमिक समाज के एक उपेक्षित अंग है, क्योंकि इन्हें स्कूलों में में पढ़ने के स्थान पर रोजी के लिए विवश होना पड़ता है २००१ की जनगणना के अनुसार भारत में बाल श्रमिकों की संख्या १२६६६३७७ है

वाल श्रम भारत की अन्य समस्याओं में एक कठिन समस्या है जिससे यह अनुमान लगाया जा सकता है की भारत का भविष्य जो किसी कस्बे व नगर, महानगर की किन्ही बस्तियों में जन्म लेकर जीवन के ६ से ८ वर्ष की दहलीज को पार करते ही अपने पेट की चिंता में व सुबह शाम के पेट भरने की समस्या से बाध्य होकर उन बच्चों को चाय की दुकानों, हथकरघों और फुटपाथों पर काम करते देखा जा सकता है।

बच्चों को रोजगार ढूँढने के जो भी कारण हो प्राय: बालक ऐसी स्थितियों में काम करते हैं जो उनके स्वास्थ, कल्याण तथा विकास के लिए हानिकारक है जिससे अधिकतर बाल श्रमिक कभी स्कूल नहीं गए होते हैं या उन्हें पढाई बीच में ही छोड़कर रोजगार में लग जाना पड़ता है कामकाजी बालक शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं जबकि यह आजीविका, पोषण तथा आर्थिक विकास के लिए पूर्व अपेक्षित है, चूँकि बालश्रम एक व्यापक समस्या है, इसलिए ये आम जनता, मजदूर संघों, समाज सेवा संगठनो, सरकार के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न बन गया है

संदर्भ :–

The Life of the Industrial Worker in Nineteenth-Century England". Laura Del Col, West Virginia University.

The Factory and Workshop Act 1901

"What is child labour?". International Labour Organisation. 2012.

"Convention on the Rights of the Child". United Nations. Archived from the original on 3 October 2006. Retrieved 2006-10-05.

"International and national legislation - Child Labour". International Labour Organisation. 2011.

hindi.indiawaterportal.org/node/54133 अन्तिम परिवर्तन 08: 16, 16 सितंबर 2016।

"Labour laws - An Amish exception". The Economist. 5 February 2004.

Larsen, P.B. Indigenous and tribal children: assessing child labour and education challenges.

International Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

मध्यप्रदेश में वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली की संभावनायें

डॉ. संगीता मिश्रा
शास. कुसुम महाविद्यालय,
सिवनी मालवा

डॉ. केशव मिश्रा
शास. नर्मदा महाविद्यालय,
होशंगाबाद

व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के नामों से प्रजा / नागरिकों से कर संग्रह किया जाता रहा है। आधुनिक वैज्ञानिक युग में शासन को अनेक महत्वपूर्ण दायित्व जैसे रक्षा, आंतरिक सुरक्षा, कानून एवं व्यवस्था, उद्योग एवं व्यापार, कृषि उत्पादन, शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, प्राकृतिक आपदा प्रबंधन, लोक कल्याण आदि का निर्वहन करना होता है। अतएव वस्तुओं एवं सेवाओं का उत्पादन, क्रय–विक्रय पर कर आरोपित किया जाता है।

कर की दरों का निर्धारण करना शासन के लिए एक चुनौती पूर्ण एवं बुद्धिमत्ता का कार्य है। कर का भार कमजोर वर्ग पर कम से कम हो अतएव दैनिक उपयोग की जीवनोपयोगी वस्तुओं पर कर की दरें कम रखी जाती हैं, विलासिता तथा संपन्न वर्ग के उपयोग में आने वाली वस्तुओं पर कर की दरें तुलनात्मक रूप से अधिक रखी जाती हैं। राजकीय कोष के राजस्व को भी कर की दरें निर्धारित करते समय दृष्टिगत रखा जाता है।

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में यदि अप्रत्यक्ष कर प्रणाली का अध्ययन किया जाए तो

इसमें वस्तु एवं सेवा कर एक प्रमुख विकल्प के रूप में हमारे सामने आता है। भारत में वस्तु एवं सेवाकर अप्रत्यक्ष कर प्रणाली का महत्वपूर्ण विकल्प हो सकता है। भारत एक संघीय गणराज्य है

जिसमें केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर तथा राज्य वस्तु एवं सेवा कर के रूप में करारोपित किया जा सकता है। यह पूर्ण मौजूदा कर ढांचे में एक बड़ा सुधार माना जा रहा है। यह पूर्ण मौजूदा केन्द्रीय उत्पाद शुल्क में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर तथा बिक्री कर प्रणाली में व्यापक एवं तार्किक कदम होगा।

21 जनवरी 2009 को प्रमुख सचिवों की एक राष्ट्रीय समिति ने इस पर अपने

महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए तथा इसे लागू करने की सिफारिश की गई। इस कर ढांचे में 3 प्रमुख धाराओं को शामिल किया गया है धारा 1 में केन्द्र एवं राज्य सरकारों के द्वारा लगाए गए ट।ज में और अधिक परिवर्तन किस प्रकार किए जाएं इस धारा के अंतर्गत ट।ज के वर्तमान मसौदे को किस प्रकार और अधिक प्रभावशाली बनाया जाए इस बात पर विचार करेगी। दुनिया भर में जी.एस.टी. की दरें 16 से 20 प्रतिशत के बीच मे है। भारत में भी यही दरें लागू होने की संभावना है। जी.एस.टी. लागू होने से कर की दरें तो कम होंगी लेकिन कर राजस्व में 5–6 गुना वृद्धि संभावित है। 140 से अधिक देशों में जी.एस.टी. किसी न किसी रूप में अपनाया जाता है। यह पिछले 50 वर्षों से यूरोप में कर परिदृश्य का हिस्सा रहा है तथा तेजी से एशिया प्रशांत क्षेत्र में अप्रत्यक्ष कर की पसंदीदा, फार्म होता जा रहा है। वस्तु एवं सेवाकर उच्च प्रतिस्थापन उत्पादकता कारक और पूंजी राष्ट्रीय आय में 9 फीसदी की वृद्धि संभावित है जिससे सकल घरेलू उत्पाद में 1.4 फीसदी वृद्धि संभावित है। वेट पर विषम राज्य कानून लागू होने के कारण वस्तु एवं सेवाकर को लागू करना आवश्यक हो गया है वैसे भारत में दो ही जी. एस.टी. माडल को अपनाया जाना प्रस्तावित है।

जीएसटी अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में मूलभूत परिवर्तन के उद्देश्य से लागू किया जा रहा है, जिसके द्वारा समस्त अप्रत्यक्ष करों को मिलाकर सम्पूर्ण भारत वर्ष में एक समान करों वाली व्यवस्था को लागू किया जाना है, जिसके अन्तर्गत आयकर के समान सम्पूर्ण देश के करदाताओं को एकत्रीकृत जानकारी तैयार की जाकर कर प्रणाली को लागू किया जाता है। जीएसटी प्रणाली के उद्देश्य निम्नानुसार हैं–

1. समस्त अप्रत्यक्ष करों को वेट प्रणाली के अन्तर्गत नहीं लाया जा सका था, किन्तु जीएसटी में सेन्ट्रल एक्साइज डयूटी, सर्विस, टैक्स, एडीशनल एक्साइज डयूटी, कस्टम डयूटी, सेड, वेट, सीएसटी, लक्जरी टैक्स, इन्टरटेनमेन्ट टैक्स, लाटरी पर कर, शेष एवं सरचार्ज को शामिल करते हुए सम्पूर्ण राष्ट्र में एक समान दरों पर अप्रत्यक्ष कर लागू किया जाना है।

2. इसी प्रकार सेनवेट प्रणाली में एडीशनल कस्टम डयूटी तथा सरचार्ज का इनपुट क्रेडिट नहीं दिया जाता था। जिनके कारण से ट्रेडर्स, इण्डस्ट्रीज एवं उपभोक्तओं को दो ही करारोपण की स्थिति का सामना करना होता था, किन्तु जीएसटी लागू होने के बाद दोहरे करारोपण की स्थिति से मुक्ति मिल सकेगी।

3. जीएसटी लागू होने के पश्चात् अन्तर्राज्यीय संव्यवहारों पर भी इनपुट टैक्स क्रेडिट प्राप्त होगी। अतः सम्पूर्ण भारत मे वस्तुओं की कीमत में विभिन्न दरों के कारण आने वाले प्रभाव से मुक्ति मिलेगी।

4. चूंकि जीएसटी के अन्तर्गत सम्पूर्ण राष्ट्र के करदाताओं का एक एकीकृत डाटाबेस तैयार किया जाएगा तथा समस्त संव्यवहार आनलाइन सिस्टम के माध्यम से किए जावेंगे, अतः कर प्रणाली का पालन सरल एवं सुलभ होगा।

जीएसटी मॉडल के मुख्य बिन्दु–

1. भारत में लागू होने वाले जीएसटी में केन्द्रीय शासन के द्वारा सेन्ट्रल जीएसटी लागू किया जाएगा। इसी प्रकार राज्य सरकारों के द्वारा स्टेट जीएसटी लागू किया जाएगा।

2. जीएसटी के दायरे से बाहर के व्यक्तियों थ्रेसहोल्ड लिमिट से कम टर्नओवर वाले व्यवसायियों तथा करमुक्त वस्तुओं को छोड़कर जीएसटी लगभग समस्त वस्तुओं एवं सेवाओं पर लागू होगा।

3. सेन्ट्रल जीएसटी एवं स्टेट ज़ीएसटी क्रमशः केन्द्रीय एवं राज्य सरकार के खातें में पृथक–पृथक रूप से जमा किया जाएगा। इनकी दरें भी अलग–अलग होंगी। दोनो ही प्रकार के कर जमा कराते समय यह सुनिश्चित कर लिया जाना चाहिये कि जमा किया गया कर वस्तुओं एवं सेवाओं के सही हेड में जमा किया गया है।

4. करदाताओं को जीएसटी के उपयोग एवं क्रेडिट की वापसी के पृथक–पृथक खाते रखने होंगे।

5. क्रय पर चुकाए गए केन्द्रीय जीएसटी का इनपुट टैक्स क्रेडिट विक्रय पर देय केन्द्रीय जीएसटी से ही होगा।

6. इसी प्रकार क्रय पर चुकाए गए राज्य जीएसटी का इनपुट टैक्स क्रेडिट विक्रय पर देय राज्य जीएसटी से ही होगा। अन्य शब्दों में राज्य जीएसटी का इनपुट टैक्स क्रेडिट केन्द्रीय जीएसटी से नही होगा इसी प्रकार केन्द्रीय जीएसटी का इनपुट टैक्स क्रेडिट राज्य जीएसटी की देय राशि से नहीं होगा।

7. अन्तर्राज्यीय विक्रय पर वसूले गए राज्य जीएसटी तथा केन्द्रीय जीएसटी को एकीकृत रूप से आई जीएसटी का नाम दिया जाना निश्चित किया गया है।

8. भारत के बाहर से माल के आयात की स्थिति में लगने वाली कस्टम डयूटी के स्थान पर केन्द्रीय जीएसटी एवं राज्य जीएसटी देय होंगी। जिस राज्य में आयातित माल खपत होगा, उस राज्य को ही राज्य जीएसटी का राजस्व प्राप्त होगा। भारत के बाहर से आयात किए गए माल पर चुकाए गए जीएसटी का संपूर्ण इनपुट टैक्स क्रेडिट लिया जा सकेगा।

9. वर्तमान में विभिन्न राज्यो में वेट एक्ट के अन्तर्गत विभिन्न क्रेश होल्ड टर्नओवर की भिन्न–भिन्न

लिमिट्स लागू हैं। जीएसटी के अन्तर्गत सम्पूर्ण राष्ट्र के प्रत्येक राज्य के लिए एक समान थ्रेशहोल्ड लिमिट लागू किया जाना निश्चित किया गया है। इसी तारतम्य में वस्तुओं एवं सेवाओं के लिए 10 लाख रूपये की एकीकृत थ्रेशहोल्ड लिमिट लागू होने की संभावना है।

10. यद्यपि केन्द्र एवं राज्य सरकारों के द्वारा पृथक–पृथक सेन्ट्रल जीएसटी एवं स्टेट जीएसटी लागू किये जा रहे हैं किन्तु केन्द्र एवं राज्य सरकारों के द्वारा लागू किए जाने वाले जीएसटी के मूल आधार जैसे कि कर का दायित्व टैक्सेबल इवेन्ट, टैक्सेबल पर्सन कर के संग्रहण का परिमाण कर देयता की स्थिति, कर की देयता के लिए मूल्यों का निर्धारण वर्गीकरण का आधार आदि केन्द्रीय जीएसटी एवं राज्य जीएसटी में एक समान होंगे।

11. छोटे व्यवसायियों के लिए कम्पोजीशन अथवा कम्पाउंडिंग के लिए टर्नओवर की उच्चतम दर 50 लाख रूपये रखी जाना निश्चित किया गया है। ऐसे व्यवसायियों को आधा प्रतिशत की दर से कम्पोजीशन फीस जमा करानी होगी। 50 लाख रूपयों से कम टर्नओवर वाले व्यवसायियों को यह विकल्प होगा कि वे कम्पोजीशन की स्कीम में न जाते हुए जीएसटी में रजिस्ट्रेशन प्राप्त कर निमयानुसार जमा कराए।

12. करदाताओं को नियमित रिटर्नस एक समान प्रारूप में केन्द्रीय जीएसटी एवं राज्य जीएसटी कार्यालयों में प्रस्तुत करना होगा।

13. प्रत्येक करदाता को सर्विस टैक्स में अलाट किए गए पेन लिंक्ड टैक्स पेयर आइडेंटीफिकेशन नंबर के समान ही जीएसटी के नंबर प्रदान किए जाऐंगे जिसमें 10 अंको के इनकम टैक्स पेन नंबर के अतिरिक्त अगले 3 या 5 अंक जीएसटी के लिए अतिरिक्त रूप से होंगे। इस प्रकार कुल 13 से 15 अंकों का जीएसटी नंबर प्रदान किए जायेंगे।

14. करदाताओं की सुविधा के लिए कर निर्धारण इन्फोर्समेंट, स्कूटनी तथा आडिट की कार्यवाही करदाता के द्वारा केन्द्रीय जीएसटी एवं राज्य जीएसटी के लिए दी गई जानकारी के आधार पर संग्रहण अधिकारी के द्वारा ही की जाएगी।

15. माल के निर्यात, केपिटल गुड्स के क्रय, माल के क्रय पर अधिक दर से चुकाए गए कर के विरूद्ध विक्रय पर कम दर से कर की देयता के कारण जीएसटी के इनपुट टैक्स क्रेडिट के आधिक्य की स्थिति में क्रेडिट की राशि को एक निश्चित समयावधि में वापस किए जाने हेतु प्रावधान लाया जाना निश्चित किया गया है।

16. सेन्ट्रल जीएसटी का एडमिनिस्ट्रेशन केन्द्र सरकार के द्वारा किया जाएगा तथा राज्य जीएसटी का एडमिनिस्ट्रेशन राज्य सरकार के द्वारा किया जाएगा। इसी प्रकार जीएसटी के प्रावधानों में यह तथ्य

सन्निहित है कि केन्द्र एवं राज्य सरकारों को अपने सभी करदाताओं की महत्वपूर्ण एवं मूल्यवान श्रृंखला पर वस्तुओं एवं सेवाओं की थ्रेशहोल्ड लिमिट के आधार पर समवर्ती अधिभारित रखना होगी अर्थात राज्य एवं केन्द्र दोनो का ही करदाताओं पर एक समान क्षेत्राधिकार होगा।

17. निर्यात को रिफण्ड क्लेम करने के लिए लेखा पुस्तकों में अलग से प्रविष्टि रखनी होगी।

संदर्भ सूची–

1. अप्रत्यक्ष कर – डॉ. एच.सी. मेहरोत्रा
2. जीएसटी मॉडल – म्बवदवउपब"नतअमल वपिदकपं ;टंतपवने प्समद्ध
3. योजना पत्रिका – वर्ष 2015
4. भारतीय अर्थव्यवस्था – मिश्र पुरी
5. सर्विस टैक्स लॉ गाइड

International Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

मत्स्य पालन के क्षेत्र मे समस्याएँ, सुझाव एवं संभावनायें

डॉ. केशव मिश्रा
शास. नर्मदा महाविद्यालय,
होशंगाबाद

डॉ. संगीता मिश्रा
शास. कुसुम महाविद्यालय,
सिवनी, मालवा

मत्स्य पालन में आने वाली समस्याएँ– समस्त उपायों साधनों एवं वैज्ञानिक विधियों के द्वारा मत्स्य पालन सफलतापूर्वक संपन्न हो सकता है, अर्थात इन बातों को ध्यान में रखकर ही हम मत्स्य पालन को एक लाभकारी व्यवसाय बना सकते हैं। इन सब बातों का पालन करने के बावजूद कभी–कभी कुछ समस्यायें मत्स्य पालन में ऐसी उत्पन्न हो जाती हैं कि इस व्यवसाय में हानि का मुंह देखना पड़ सकता है, अतः इस हानि से बचने के लिए मत्स्य पालन में आने वाली सभी संभावित विषम परिस्थितियों एवं आकस्मिक घटनाओं से बचने के लिए सावधान रहना चाहिए। मत्स्य पालन के क्षेत्र में आने वाली प्रमुख समस्यायें निम्नलिखित हैं:–

(I) **प्रबंधन संबंधी समस्यायें–**

(i) कुप्रबंध।

(ii) अधिक उर्वरक एवं गन्दे जल का प्रभाव।

(iii) कीटनाशक दवाओं का प्रयोग।

(iv) अवांछनीय मत्स्यों, कीटाणुओ से बचाव

(v) सामान्य / साधारण मत्स्य से बचाव

विपणन संबंधी समस्यायें

(i) अपर्याप्त विक्रय मूल्य।

(ii) शासकीय असहयोग।

(iii) उपकरणों एवं मशीनों के चयन की समस्या।

(iv) प्रशिक्षित कर्मचारियों एवं श्रमिकों की कमी।

(v) कुशल कर्मचारियों द्वारा अधिक वेतन की मांग।

(vi) परिवहन सुविधाओं का अभाव।

वित्तीय समस्यायें

(i) पूंजी की कमी।

(ii) वित्तीय संस्थाओं का अभाव।

(iii) अपर्याप्त ऋण राशि का निर्धारण।

(iv) अदेय प्रमाण पत्र की अनिवार्यता।

(v) भ्रष्टाचार व लाल फीताशाही।

(vi) किश्त भुगतान की सूचना समय पर प्राप्त न होना।

मत्स्य पालन संबंधी सामान्य समस्यायें–

संभाग में मत्स्य पालन को लेकर वर्तमान में काफी प्रचार–प्रसार हुआ है। यद्यपि मत्स्य पालन के विकास को अनुकूल बनाने मे निम्नलिखित समस्यायें सामने आई–

(i) प्राकृतिक विषमतायें।

(ii) अपर्याप्त सिंचाई सुविधा।

(iii) स्वच्छता संबंधी जागरूकता का अभाव।

(iv) शिक्षण प्रशिक्षण सुविधाओं का अभाव।

(v) संसाधनों का पर्याप्त दोहन नहीं होना।

(vi) मत्स्य उत्पादन अवशिष्ट निदान का अभाव।

(vii) पर्याप्त मूल्य अभिवृद्धि गतिविधियों का अभाव।

(viii) गुणवत्ता समस्या।

(ix) उत्पादन की परंपरागत विधियां।

(x) सामंजस्य का अभाव।

(xi) खुला बाजार गतिविधियों का अभाव।

(xii) अनुसंधान गतिविधियों की कमी।

(xiii) विपणन जागरूकता का अभाव।

(xiv) उपयुक्त एवं समयबद्ध कार्य योजना की समस्यॉं।

(xv) पर्याप्त प्रचार–प्रसार न होना।

(xvi) धार्मिक एवं शाकाहार की मान्यताएं।

सुझाव–

संभाग में मत्स्य पालकों के मार्ग में व्याप्त समस्याओं को दूर कर मत्स्य पालन संबंधी कार्यप्रणाली में सुधारात्मक कदम उठाकर उद्देश्य के अनुरूप लाभ प्राप्त कर सकें तथा संभाग के अन्य कृषक मत्स्य पालन हेतु प्रोत्साहित होकर इस क्षेत्र में प्रवेश कर संभाग के आर्थिक विकास में अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन कर सकें, इस हेतु संबद्ध व्यक्तियों, सामाजिक आर्थिक परिवेश के प्रति सजग जनों तथा संबद्ध अशासकीय संगठनों को विभिन्न स्तर पर अस्थायी प्रयासों के स्थान पर निरंतर प्रयास करना होगा ताकि लक्ष्य के अनुरूप अपेक्षित परिणाम प्राप्त किए जा सकें। इस हेतु निम्नांकित सुझाय प्रस्तुत हैं:–

1) मत्स्यों के भोजन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हेतु प्रयास।

2) उत्तम प्रजाति की मत्स्य बीज की व्यवस्था।

3) पर्याप्त प्रशिक्षण सुविधाओं का विकास।

4) पर्याप्त वित्त उपलब्ध कराया जाए।

5) कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाई जाए।

6) उत्पादकता एवं गुणवत्ता मानकों हेतु कृषकों को प्रोत्साहन।

7) लागत प्रबंधन।

8) मत्स्य पालन हेतु उन्नत तकनीकों का प्रयोग किया जाए

9) कुशल श्रमिक व सहयोग तैयार किए जाएं।

10) प्रतिकूलता नियंत्रण के उपाय किए जाने चाहिए।

11) स्वच्छता मानदण्डों को अपनाया जाना चाहिए।

12) संसाधनों के पर्याप्त दोहन को प्रोत्साहन।

13) अवशिष्ट प्रबंधन।

14) उपोत्पाद प्रबंधन।

15) मूल्य अभिवृद्धि गतिविधियों को बढ़ावा।

16) उत्पादन के आधुनिक एवं वैज्ञानिक तरीके अपनाए जाने चाहिए।

17) मत्स्य मंडियों का विकास किया जाना चाहिए।

18) प्रचार–प्रसार को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

19) आक्रामक उत्पादन एवं विपणन नीति अपनायी जाए।

20) मत्स्य पालन को फसल बीमा के दायरे में लाया जाए।

अंततः यही कहा जा सकता है कि उपर्युक्त सुझावों को अपनाने से मत्स्य पालकों की समस्याओं को हल करने एवं मत्स्य पालन के विकास में सहायता मिलेगी। भावी मत्स्य पालक पहले से ही इन समस्याओं पर विचार कर मानसिक रूप से तैयार हो सकेंगे। किन्तु ये सुझाव समग्र रूप से एक निश्चित कार्ययोजना बनाकर अपनाए जाने चाहिए। किन्ही एक या दो सुझावों को अपनाने से सफलता नहीं मिलेगी क्योंकि कृषकों की पूर्व उल्लिखित समस्यायें एक दूसरे से जुड़ी हुई हैं। अतः समग्र सुझाव के आधार पर ही इन समस्याओं का निराकरण किया जा सकता है।

मत्स्य पालन के क्षेत्र में संभावनायें

भारत जैसे कृषि प्रधान देश में किसी भी क्षेत्र के आर्थिक विकास की प्रक्रिया में कृषि आधारित उद्यमों के महत्व को कम नहीं किया जा सकता है। ये आर्थिक विकास की रीढ़ के समान है। नर्मदापुरम् संभाग में भी कृषि आधारित उद्यमों का विकास तेज गति से चल रहा है। संभाग की अर्थव्यवस्था, कृषि के साथ–साथ कृषि आधारित उद्यमों से भी जुड़ी हुई है। बढ़ती हुई जनसंख्या का दवाब तथा बदलती हुई संस्कृति तथा जीवन शैली के कारण यह आवश्यक है कि संभाग के निवासियों हेतु अधिक आय के वैकल्पिक स्त्रोत स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हों। संभाग की कुल कार्यशील जनसंख्या में मुख्यतः कृषक एवं खेतिहर मंजदूर शामिल हैं। संभाग में छिपी हुई बेरोजगारी भी एक समस्या है जिसका पता लगाना तथा उसे कार्यशील जनसंख्या का हिस्सा बनाना भी नीति निर्माताओ का एक अहम दायित्व है। संभाग की पर्यावरण, भौतिक संपदा तथा संभाग में उपलब्ध वनक्षेत्र मत्स्य पालन हेतु अनुकूल वातावरण बनाते हैं। मत्स्य के क्षेत्र में हो रहे नवीन अनुसंधानों ने भी संभाग में मत्स्य पालन की संभावनायें के द्वार खोले हैं। मत्स्य पालन, मत्स्यबीज उत्पादन, मत्स्य खाद, मत्स्य तेल, मत्स्य आहार के क्षेत्र में विपुल संभावनाओं के साथ–साथ मत्स्य विपणन एवं मत्स्य बीज संचयन तथा विपणन के क्षेत्र में प्रचुर संभावनायें विद्यमान हैं, जिनका दोहन क्षेत्र एवं रोजगार उपलब्धता के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध करा सकता है। संभाग में मत्स्य पालन गतिविधियों के क्षेत्र में संभावनायें निम्नानुसार हैः–

1) मत्स्य पालन में संभावनायें।

2) मत्स्य बीज उत्पादन के क्षेत्र में संभावनायें।

3) मत्स्य बीज संचयन।

4) मत्स्य एवं मोतीपालन।

5) एकीकृत मत्स्य पालन के क्षेत्र में संभावनायें।

A. मत्स्य सुअर संवर्धन।

B. बतख मछली संवर्धन।

C. कुक्कुट मछली संवर्धन।

D. मत्स्य गाय संवर्धन।

E. धान की खेती व मत्स्यपालन।

F. तालाबों के बांधो पर फसलों का उत्पादन।

G. मत्स्य एवं रेशम मे कीड़ों का संवर्धन।

संदर्भ सूची–

1. "An Introduction to Fisheries" Khanna S.S. Shivlal Agrawal & 1998
2. कृषि विपणन अग्रवाल एल.एन.
3. भारतीय कृषि का अर्थतंत्र अग्रवाल एल.एन.
4. भारतीय अर्थव्यवस्था की समस्याएं दोषी एस.एल.
5. भारतवर्ष का विस्तृत भूगोल चौहान वीरेन्द्र सिंह

International Research Journal | अंतर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका | ISSN-0975-4431

विभिन्न समाजिक आर्थिक स्तर एवं पारिवारिक वातावरण में उपस्थित छात्र-छात्राओं का तुलनात्मक चित्रण

निर्देशक
डॉ. अलका डेविड
प्राध्यापक प्राचार्य
शा कन्या महाविघालय रायसेन

शोघार्थी
अलका द्विवेदी

Introduction:- आर्थिक कारक बहुत कुछ करते है उदाहरण के तौर पर जन्म के बाद किशोर बच्चा अपने–आप जन्म के बाद किस प्रकार के घर में पाता है। अल्प आय घर को बंदिशो और भौतिक व्यवस्था में सीमित कर देती है। अपूर्ण आय घर में चिन्ता और दबाव बनाती हैं। बहुत सारी ऐसी परिस्थितियाँ होती है जो स्व–सहयोग उपाय कुशलता परिवार के सदस्यों के बिना करने की चाहत के दबाव से होती है। दूसरी तरफ एक घर जिसमें वो सब कुछ होता है जो बच्चा चाहता है इस बात का खतरा हो जाता है कही बच्चा असामाजिक गैरतमलबी ना बन जाए। विकासशील बच्चे के लिए आदर्श परिस्थिति वो होती है जहाँ ज्यादा ना तो गरीबी हो ना तो अमीरी हो। इसी तरह पारिवारिक वातावरण सभी बच्चों को जन्म के बाद सर्वप्रथम परिवार का ही वातावरण प्राप्त होता है। व किशोर व किशोरियों के माता–पिता, भाई–बहनों तथा परिवार के अन्य सम्बन्धियों का बालक के ऊपर जो प्रभाव पड़ता है वह उसका पारिवारिक वातावरण है। साथ रहकर बालक जीवन रक्षा के साथ–साथ अपने व्यवहार और चरित्र (Character)] नैतिकता (Morility) आदि परिवार से ही सिखता है। परिवार ही बालक के चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। मनुष्य के बच्चे का जन्म परिवार में होता है परिवार में रहकर ही वह पारिवारिक अन्तःक्रिया (Family Interaction) के द्वारा पारिवारिक सम्बन्ध (Family Relationship) स्थापित करता है। प्रत्येक संस्कृति में पाये जाने वाले सभी परिवारों की कुछ अपनी मानमर्यादा तथा आदर्श होते है, जो परिवार के प्रत्येक सदस्य को स्वयं के परिवार के हित के लिए सदाचार तथा कर्तव्य–परायणता से प्रेरित होकर कार्य करने के लिए विवश करते है, परिवार में रहकर व्यक्ति अपने कर्तव्य का पालन करता है तथा उसी के अनुसार अपने संबंध ा स्थापित करता है।

मानव के प्रारम्भिक जीवन अर्थात् बाल्यावस्था में उसका पर्यावरण परिवार ही होता है परिवार मे ही बच्च्या अन्तःक्रिया द्वारा पारिवारिक संबंध तथा पारिवारिक वातावरण से उचित आचरण सिखता है। वातावरण में उपलब्ध बालक की नैतिकता को प्रभावित करने वाला सबसे बलवान तत्व उसका परिवार माना जाता हैं। बालक अपने परिवार में निर्णय (Judgement), ewY; (Value), vkn'kZ (Ideals) और उचित अनुचित के विचार माता–पिता, शिक्षकों और मित्रों से ही ग्रहण करते है। माता और पिता में बालक माता के विचारों को प्रभाव प्रारम्भिक अवस्था में और पिता के विचारों का प्रभाव सयाने हो जाने पर अधिक मात्रा में पड़ता है। अतः जिन घरों में व किशोर को अधिक प्यार मिलता है उन पर पर्याप्त ध्यान दिया जाता है तथा उनके साथ न्याय किया जाता है वहाँ के बालकों का परिवार समायोजन ;भ्वउम करनेजउमदजद्ध अच्छे प्रकार का होता है। परिवार ही बालक को समाज के रीति–रिवाजों, व्यवहारों, संस्कृति के अन्य आवश्यक अंगो, स्वास्थ्य–रक्षा प्रेम, सहानुभूति, त्याग सहयोग आदि की व्यवहारिक शिक्षा देता है। प्रत्येक व्यक्ति का चरित्र भिन्न–भिन्न होता है परन्तु पारिवारिक वातावरण का भी उसे बनाने में बड़ा हाथ है।

किशोरों बालक–बालकों के चारित्रिक तथा नैतिक विकास में परिवार के भौतिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक वातावरण और परिवार के सदस्यों के बीच पाये जाने वाले सम्बन्धों का बहुत प्रभाव पड़ता है। उन परिवारों के किशोरों का चारित्रिक तथा नैतिक विकास अच्छा होता है। माता–पिता, भाई–बहनों के परस्पर सम्बन्धों का भी व किशोर बालक–बालिकाओं के चरित्र विकास पर बहुत प्रभाव पड़ता है। यदि माता–पिता आपस में लड़ते–झगड़ते है। और बालक को दो आँख से देखते है। भाई–बहनों में भी दिन–रात झगड़ा होता रहता है या घर पर आने–जाने वाले लोग यदि अनपढ़ तथा मूर्ख होते है तो ऐसी किसी एक या एक से अधिक परिस्थितियों का बालको के चारित्रिक विकास पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है।



